# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## ‘1930’ साइबर हेल्पलाइन ने पिछले सात महीनों में पीड़ितों के 100 करोड़ रुपये बचाए

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में पुलिस को सचेत करने हेतु लोगों के लिए शुरू की गई ‘1930’ साइबर हेल्पलाइन ने बैंकों से तुरंत संपर्क कर मुंबई में पिछले सात महीनों में 100 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े को होने से रोका है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रुपये धोखेबाजों के हाथों में जाने से रोके गए और ऐसा शेयर कारोबार, निवेश, कूरियर कॉल, डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी, ऑनलाइन कार्यों आदि से जुड़े ऑनलाइन




धोखाधड़ी के 35,918 मामलों में कार्रवाई से संभव हो सका। पुलिस अधिकारी ने कहा, ‘‘हेल्पलाइन पर शिकायत मिलने के बाद तीन शिफ्ट में काम करने वाले तीन अधिकारी और 50 सिपाही तुरंत बैंकों और उसके नोडल कर्मियों से संपर्क करते हैं ताकि पैसे को आगे हस्तांतरित होने से रोका जा सके। आरोपियों के खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं।’’ अधिकारी ने कहा कि लोगों को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचने के लिए पुलिस के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए और ऐसा होने पर तुरंत ‘1930’ हेल्पलाइन पर संपर्क करना चाहिए।

# औरंगजेब फैन क्लब, सत्ता जिहाद और खटमल

- शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने पुणे में शिव संकल्प जनसभा का किया संबोधित
- उद्धव ने कहा कि अगर मुसलमान हमारे साथ हैं और हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाते हैं
- एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना, रेवड़ियां देकर वोटरों को रिश्वत देने का आरोप

**दोपहर संवाददाता | पुणे**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर सत्ता जिहाद में लिप्त होने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की ओर से ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने की टिप्पणी का उद्धव ने जवाब दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने अमित शाह पर पानीपत की लड़ाई में मराठों को हराने



वाले अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज होने का भी आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे ने शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में विभाजन का हवाला देते हुए बीजेपी पर पार्टियों को तोड़ने का आरोप लगाया।

### शिव संकल्प जनसभा

पुणे में शनिवार को शिव संकल्प जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर मुसलमान हमारे साथ हैं और हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाते हैं, तो हम (BJP के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं। और आप जो कर रहे हैं वह सत्ता जिहाद है। उन्होंने मुख्यमंत्री माझी लाडली बहिन योजना को लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा और उस पर रेवड़ियां देकर मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया।

### अब लड़ाई मैदान में होगी

उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं एक जनसभा करने जा रहा था क्योंकि अब लड़ाई हॉल में नहीं मैदान में होगी। जैसा कि मैंने कहा या तो मैं रहूंगा या तुम रहोगे। किसी ने मेरे पैरों पर तरबूज रख दिया, कुछ लोग सोचते हैं कि मैंने उन्हें चुनौती दी है। लेकिन मैं किसी भी बदमाश को चुनौती नहीं देता, बदमाश चुनौती नहीं देना चाहते, वे उन्हें अपने अंगूठे से कुचल देना चाहते हैं।

### केंद्र में लीक सरकार

उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैं पुणे को हमेशा के लिए विकसित करना चाहता हूं। उद्धव ठाकरे ने अजित पवार को चिढ़ाते हुए कहा कि अगर ये करना है तो अच्छे से करो। राम मंदिर भी लीक हो रहा है और नया संसद भवन भी लीक हो रहा है। जिसने संसद भवन बनवाया वह पुणे में नदी डुबो रहा है। वह भी औरंगजेब के राज्य में है। संसद भवन पहले 12 महीनों में लीक हो रहा है और गणना 70 साल मांग रही है। उन्होंने मोदी और विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि सब कुछ लीक हो रहा है, राम मंदिर, संसद भवन को लीक सरकार कहना होगा।



### खटमल को अंगूठे के नीचे कुचला जाता है: देवेंद्र फडणवीस

देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि अमित शाह ने जो कहा था कि उद्धव ठाकरे औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य हैं, आज उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। हर तरफ बयानबाजियां देखने को मिल रही हैं। इस बीच शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान देवेंद्र फडणवीस को खटमल कह डाला था। इससे पहले उद्धव ठाकरे ने कहा कि जैसे मुंबई में मैने कहा था कि 'या तो तू रहेगा या फिर मैं।' मैं फिर कहता हूं 'या तो तू रहेगा या मैं रहूंगा।'

उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि यहां मेरे पैर के नीचे कलिंगड रखा गया है। कुछ लोगों को लगा कि मैंने उसे (फडणवीस) कहा था कि या तो तू रहेगा या मैं रहूंगा, लेकिन मैं खटमल को चुनौती देता हूं। उसने (फडणवीस) कहा कि मेरे आड़े मत आओ, अरे तेरी हैसियत ही नहीं है। खटमल को अंगूठे के नीचे कुचला जाता है। उद्धव ठाकरे ने कहा, 'अहमदशाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज अमित शाह यहां (पुणे) में आया था। वो भी शाह था ये भी शाह है। नवाज शरीफ का केक खाने वाले हमें हिंदुत्व सिखाएंगे। मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में सत्ता बनाने वाले श्यामाप्रसाद मुखर्जी है।

### विधानसभा में महायुति से अलग चुनाव लड़ेगी मनसे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में महायुति से अलग चुनाव लड़ेगी। इसे लेकर राज ठाकरे ने एलान किया था कि उनकी पार्टी 200-250 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि इससे पहले लोकसभा चुनाव में मनसे ने भाजपा नेतृत्व के एनडीए को समर्थन दिया था।

## राज ठाकरे के बाद पवार से शिंदे की मुलाकात ने बढ़ाया सियासी पारा



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में शनिवार के दिन राज्य के दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया कि शरद पवार ने सीएम शिंदे से वर्षा बंगले पर मुलाकात की और मराठा आरक्षण समेत कई अहम मुद्दों पर इस दौरान चर्चा की गई।

### मुलाकात को माना जा रहा अहम

राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर चल राजनीतिक ताने-बाने के बीच दो मराठा नेताओं की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार महा विकास अघाड़ी के एकमात्र नेता हैं जो महायुति के साथ, खासकर सीएम शिंदे के साथ बातचीत जारी रखते हैं।

### विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान होना बाकी

2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में 23 के मुकाबले महाराष्ट्र में नौ सीटों पर सिमट गई। जिसका वोट शेयर 26.18 प्रतिशत रहा। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं और मौजूदा राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2024 में समाप्त होगा। हालांकि, चुनाव आयोग ने अभी तारीखों की घोषणा नहीं की है।


### शनिवार को सीएम शिंदे से मिले थे राज ठाकरे



वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने भी आज मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बम्बई विकास विभाग चॉल के पुनर्विकास, पुलिस हाउसिंग कॉलोनी का पुनर्विकास और कुछ अन्य आवास परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई है।

### अपना मानसिक संतुलन खो चुके ठाकरे: गिरीश महाजन

ठाकरे के बयान पर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गिरीश महाजन ने कहा, मुझे लगता है कि उद्धव ठाकरे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्होंने इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप मुख्यमंत्री फडणवीस पर गलत टिप्पणी की थी। आज उन्होंने भारत के गृह मंत्री अमित शाह के बारे में गलत टिप्पणी की। चुनाव बहुत दूर हैं। मुझे नहीं पता कि तब तक वह किस तरह की गलत टिप्पणियां करेंगे।



## मुंबई में भारी बारिश का ऑरेंज तो पालघर में रेड अलर्ट जारी



### हाई टाइड का अलर्ट

मुंबई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आज के लिए येलो अलर्ट जारी किया। अगले दो दिनों में मानसून की बारिश आम तौर पर हल्की से मध्यम होगी लेकिन 4 अगस्त को बारिश और तेज हो सकती है। बारिश को देखते हुए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने हाई टाइड का अलर्ट जारी किया है।

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में शनिवार को कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए मुंबई में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि पालघर में आज ऑरेंज कल (रविवार) को भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा रायगढ़ और ठाणे में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।


### 6 अगस्त होगी भारी बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी 6 अगस्त तक पालघर, ठाणे और रायगढ़ जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले तीन से चार घंटों के दौरान पालघर, नासिक, धुले, नंदुरबार, कोल्हापुर और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### यहां भी होगी बारिश

आईएमडी के अनुसार, 5 अगस्त तक कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात क्षेत्र में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसके अलावा, पुणे, कोल्हापुर और सतारा के कई इलाकों में अत्यधिक भारी वर्षा के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## ‘जब तक भूखा इंसान रहेगा, सड़कों पर तूफान रहेगा’



### सड़कों से फेरीवालों को हटाने के एचसी के आदेश पर महाराष्ट्र सपा नेता का हमला

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट के द्वारा रेहड़ी-पटरी वालों को सड़कों से हटाने के आदेश के बाद महाराष्ट्र सरकार और मुंबई महानगर पालिका हरकत में आ गई है। सरकार और महानगरपालिका कोर्ट के ऑर्डर का पालन करते हुए फेरीवालों को सड़कों से हटाने का काम कर रही है। इसके बाद इस मुद्दे पर पूरे महाराष्ट्र में राजनीति तेज हो गई है। सपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने इसी मुद्दे पर सरकार से इन फेरी वाले लोगों को 2014 के वेंडर एक्ट के मुताबिक जगह देने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा- हमारे देश में बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पिछले पच्चीस-तीस सालों में इतनी बेरोजगारी कभी नहीं हुई। अब हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार जो लोग सड़कों पर रेहड़ी-पटरी लगाते हैं, सब्जियां बेचते हैं। स्टेशन के बाहर रहते हैं। ऐसे लोग जो अंधेरी, बांद्रा, मोहम्मद अली रोड, कोलाबा में सड़क पर काम वाले फेरीवालों को हटाया जा रहा है। 2014 के वेंडर एक्ट के मुताबिक इस सब फेरीवालों को लोकलाइज करके जगह देना था, जिससे वह रोजी-रोटी कमा सकते थे। सरकार सबको सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, तो वेंडर एक्ट के मुताबिक सबको लोकलाइज करके धंधा करने के लिए जगह दी जानी थी। इसके साथ ही उन्होंने देश में बढ़ रही गरीबी और 80 करोड़ लोगों को मिल रहे राशन को भी चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि इन लोगों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी की जा रही है। इसी मुल्क के लोग अपना पेट नहीं भर पा रहे हैं। मुल्क के 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन मिलता है, जिससे उनका घर चल पा रहा है।

## अनाधिकृत गैस सिलेंडर फैक्ट्री का पर्दाफाश

### पांच सौ से अधिक सिलेंडरों का स्टॉक बरामद



**दोपहर संवाददाता | अंबरनाथ**

अंबरनाथ के आनंद नगर एमआईडीसी परिसर में घरेलू गैस सिलेंडर में व्यवसायिक सिलेंडरों से धोकादायक तरीके से गैस भरने का कारोबार करने वाली एक फैक्ट्री पर पुलिस ने एक सामाजिक कार्यकर्ता की मदद से छापा मारकर पांच सौ से अधिक सिलेंडर और गैस भरने के लिए जरूरी सामग्री बरामद किया है।

### गैस सिलेंडर को किया जाता था रिफिल

अंबरनाथ के आनंद नगर एमआईडीसी में बोहोनोली गांव के पास एक पटरे के शेड में अधिकृत तरीके से सिलेंडर में गैस भरने वाली फैक्ट्री चल रही थी। यहां भारत गैस, एचपी, गो गैस, स्फूर्ति कंपनियों के नाम पर सिलेंडर में गैस भरा जाता था, जिसकी जानकारी एक समाजसेवक ने स्थानीय पुलिस को दी। इसके उपरांत पुलिस ने जाल बिछाकर कंपनी पर छापा मारा और मौके पर 500 से ज्यादा सिलेंडर मिले। यह कार्य बिना किसी सुरक्षा के रिफलिंग किया जा रहा था। कंपनी के पासपास में कई केमिकल कंपनियां हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## कनाडा में पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट की जिंदा जलाकर हत्या

**एजेंसी | टोरंटो**

कनाडा में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) के एजेंट के रूप में पहचाने जाने वाले एक व्यक्ति को अज्ञात लोगों ने आग लगाकर मार डाला। सूत्रों के अनुसार मारे गए व्यक्ति की पहचान राहत राव के नाम से हुई है। उसका कनाडा के सरे सेंट्रल इलाके में फॉरेक्स का कारोबार है। कहा जाता है कि राहत राव कनाडाई-पाकिस्तानी समुदाय से ताल्लुकात रखते हैं। सरे वही इलाका है, जहां खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह निज्जर की गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**ISI एजेंट की कैसे हुई हत्या ?**

रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना तब हुई जब एक व्यक्ति ₹मनी एक्सचेंज के कामर₹ के लिए राहत के कार्यालय



में गया था। इसके बाद उस व्यक्ति ने राव को आग के हवाले कर दिया और भाग गया। सितंबर 2023 में, खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या के सिलसिले में राव से कनाडा के सरे में पूछताछ की गई। कनाडाई पुलिस ने राव के इस घटना से जुड़े होने को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है, हालांकि आशंका है कि निज्जर की हत्या के तार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हो सकते हैं।

## बाहर से बीएएमएस करने वाले छात्रों को राज्य कोटे से मिलेगा प्रवेश

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का बड़ा फैसला



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन (बीएएमएस) डिग्री के छात्रों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक बड़ा फैसला किया है। मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जो छात्र महाराष्ट्र के निवासी हैं, लेकिन अन्य राज्यों से बीएएमएस किए हैं, उन्हें राज्य में स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक शिक्षा के लिए प्रवेश नहीं मिलता है। अब इस बदलने के निर्देश मुख्यमंत्री ने बैठक में दिए है। शनिवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के साथ मुख्यमंत्री निवास (वर्षा) में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने आयुर्वेद के छात्रों के खिलाफ अन्याय को दूर करने के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश नियमों में आवश्यक बदलाव करके मान्यता के लिए प्रस्ताव तुरंत प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव दिनेश वाघमारे को निर्देश दिया।

### अन्य राज्यों से बीएएमएस करने वाले महाराष्ट्र के छात्रों को बड़ी राहत

इस बदलाव के बाद अन्य राज्यों से बीएएमएस करने वाले महाराष्ट्र के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि उन्हें 85% राज्य कोटा (सरकारी और निजी सब्सिडी वाले) और 70% कोटा (गैर-सब्सिडी वाले रोजगार) या कोटा के माध्यम से प्रवेश पाने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन (बीएएमएस) डिग्री धारक छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी। अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र के छात्रों और आयुर्वेद डिग्री धारकों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए समान अवसर मिलेंगे।



### पुलिस के लिए बनेंगे फ्लैट

बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई में दिन-रात हमारी सुरक्षा करने वाले पुलिस के पास रहने के लिए घर नहीं है, हमें पुलिस के लिए एक लचीली भूमिका रखनी होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि म्हाडा, सिडको, एमएमआरडीए, शहरी विकास विभाग संयुक्त रूप से तय करें कि हम मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस के लिए कैसे प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से सेवा फ्लैट प्रदान कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने वर्ली में पुलिस कॉलोनी की समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए आठ दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

...पेज 2 भी देखें

## तीन व्यक्ति गिरफ्तार, देसी पिस्तौल और चार गोलियां बरामद

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कलवा इलाके में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक देसी पिस्तौल और चार गोलियां बरामद की गई हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को यह कार्रवाई की। कलवा थाने के इन अधिकारी ने बताया, ”हमें एक गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आदतन अपराधी रेतीबंदर कलवा में स्थित एक होटल के पास आ रहे हैं। उसके बाद एक टीम ने 31 जुलाई की शाम को जाल बिछाकर तीनों को वहां पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं।”

# मुंबई महानगर में और अधिक फ्लैटों के लिए पुलिस को तत्काल प्रस्ताव करें तैयार

- वर्ली पुलिस कॉलोनीवासियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेगी
- नियमों की अवहेलना करने वाले एसआरए बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया गया
- बीडीडी चॉल पुनर्विकसित भवन में दुकानदारों, वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यमंत्री की ओर से बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिए निर्देश

**दीपक पवार । मुंबई**

पुलिस दिन-रात हमारी सुरक्षा करती है लेकिन मुंबई में पुलिसकर्मियों के पास रहने के लिए घर नहीं है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्देश दिया कि हमें पुलिस के लिए लचीली भूमिका निभानी होगी, म्हाडा, सिडको, एमएमआरडीए, शहरी विकास विभाग मिलकर तय करें कि हम मुंबई और आसपास के इलाकों में पुलिस के लिए प्राथमिकता और समय में सर्विस फ्लैट कैसे उपलब्ध करा सकते हैं- बंधा हुआ ढंग। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ली में पुलिस कॉलोनी की समस्या के तुरंत समाधान के लिए आठ दिनों के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए।



### मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र निवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के साथ उनके वर्षा आवास पर बैठक

मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र निवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के साथ उनके वर्षा आवास पर बैठक की। इस अवसर पर पुलिस कॉलोनी के निवासी भी उपस्थित थे। फिलहाल मुंबई में 18 हजार सरकारी सेवा फ्लैट उपलब्ध हैं और कुल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या 52 हजार है। संयुक्त पुलिस आयुक्त जयकुमार ने बताया कि केवल 25 प्रतिशत कर्मचारियों के पास रहने के लिए फ्लैट हैं। यह पुलिसकर्मियों की संख्या की तुलना में बहुत अपर्याप्त है और यह देखा जाना चाहिए कि जिस तरह से बीडीडी चली में पुलिस को फ्लैट दिए गए हैं, उसी तरह मुंबई में अन्य जगहों पर पुलिस कर्मियों को फ्लैट कैसे दिए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी कहा कि संबंधित विभागों को यह देखने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए कि क्या वर्तमान में चल रही आवास योजनाओं में कुछ फ्लैट पुलिस के लिए आरक्षित किए जा सकते हैं, क्या पुनर्विकास परियोजनाओं में प्रोत्साहन एफएसआई दिया जा सकता है, और क्या फ्लैट आरक्षित किए जा सकते हैं निजी डेवलपर्स की परियोजनाएं।

### दंडात्मक शुल्क संबंधी प्रस्ताव शीघ्र रखें

इस बैठक में वर्ली पुलिस कॉलोनी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अनुमेय अवधि के बाद वसूले जा रहे जुर्माने की राशि को लेकर भी शिकायत की। 150 रुपये प्रति वर्ग फुट का अत्यधिक दंडात्मक शुल्क लगाया जाता है। रिटायरमेंट के बाद इतनी बड़ी रकम देना कर्मचारियों के लिए संभव नहीं है। साथ ही यह भी शिकायत की गई कि कई दयालु पुलिस कर्मियों को फ्लैट खाली करने के लिए कहा जाता है। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जुर्माना शुल्क के संबंध में आठ दिन के भीतर शासन को प्रस्ताव भेजा जाये। उन्होंने अनुकंपा कर्मचारियों को फ्लैटों से न निकालने का भी निर्देश दिया।

### बीडीडी चली में दुकानदारों को राहत

बीडीडी चालिस का पुनर्वास किया जा रहा है और पहले वहां मौजूद दुकानदारों ने मांग की थी कि हमें पुनर्विकसित क्षेत्र में अधिक जगह मिले। इस संबंध में दुकानदार कोर्ट भी जा चुके हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इन दुकानदारों से नये भवनों के डिजाइन पर विचार करने और अधिक जगह कैसे उपलब्ध करायी जाये, इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने म्हाडा के सीईओ मिलिंद बोरिकर से नव पुनर्विकसित इमारतों में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के लिए भी कहा।

### तो एसआरए डेवलपर्स के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

इस बैठक में वर्ली में स्लम पुनर्वास परियोजना की इमारतों में रहने वाले निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि डेवलपर बकाया किराए का भुगतान नहीं कर रहा है, कब्जा नहीं दे रहा है, निलंबन के बावजूद काम चल रहा है, बिजली की आपूर्ति नहीं है, नहीं लिफ्ट। शिकायत की गई थी कि पुरानी इमारतें खराब हो रही हैं और उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। भांडुप पूर्व के साईबाबा नगर में गोमाता जनता एसआरए, श्रमिक एकता फेडरेशन, साईनगर एसआरए यथिकन के निवासियों ने मुख्यमंत्री को अपनी शिकायतें बताईं। मुख्यमंत्री ने नियमों की अवहेलना करने वाले ऐसे डेवलपर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और एसआरए भवन में बिक्री के लिए खुले फ्लैटों की बिक्री रोकने के लिए नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया। महेंद्र कल्याणकर को दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारियों को तत्काल फील्ड में भेजकर यह जांच कराएं कि भवनों में आवश्यक सुविधाएं हैं या नहीं और कितने स्थानों पर मरम्मत की जरूरत है।

# महाराष्ट्र में 610 पुलिस अधिकारियों का प्रमोशन

## नासिक के 100 से अधिक कर्मचारी शामिल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/ नासिक**



महाराष्ट्र के स्थापना प्रभाग के विशेष पुलिस महानिरीक्षक ने विभाग के अधीन वर्ष 2013 में उपनिरीक्षक पद के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पुलिस कर्मचारियों को 11 वर्ष बाद अधिकारी पद पर नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में कुल 610 और नासिक जिले में 100 से अधिक कर्मचारियों ने आखिरकार पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) बनने का अपना सपना पूरा कर लिया है। सभी पुलिस इकाइयों को आदेश दिए गए हैं कि इन नवनियुक्त अधिकारियों को उनकी वर्तमान जिम्मेदारियां पूरी करने के बाद उनके स्थानांतरण स्थल से कार्यमुक्त किया जाए।

### 610 अधिकारियों का प्रमोशन

11 वर्षों के बाद इस अधिकारी पद पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे पुलिस कर्मियों अब जाकर मौका मिला है। जून 2024 में इस संबंध में समाचार जारी होने के बाद आगे की कार्रवाई में तेजी आई थी। इसके अनुसार 1 जुलाई को देर रात संबंधित कर्मचारियों को पदोन्नति के साथ नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए।

### 11 साल का इंतजार खत्म

बता दें कि 2013 में उपनिरीक्षक पद के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पुलिस कर्मचारियों को 11 वर्ष बाद अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है। पिछले 11 साल से ये कर्मचारी पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। अब जाकर इन कर्मचारियों को यह मौका मिला है।

### नासिक में हुए पदोन्नत

इसके अनुसार नासिक शहर के फिरोज खान पठान और ज्ञानदेव राणे को नासिक शहर आयुक्तालय में नियुक्त किया गया है। नासिक के सुनील अहिरे, नासिक ग्रामीण के नंदू उगले, श्रवण केदार और किशोर दलवी को राज्य महिला सुरक्षा दस्ते में नियुक्त किया गया है। कोकण निर्वाचन क्षेत्र में रवीन्द्र ठोके, राजेश सावकर, वाल्मीक खैरनार, लोहमार्ग मुंबई, संतोष पवार, सतीश पवार, संतोष चव्हाण, डागु गांगुर्डे, सुनील पवार, देवीदास लाड मुंबई शहर, नासिक ग्रामीण के ज्ञानदेव शिरोले को नियुक्त किया गया। नंदकिशोर जाधव को पुणे शहर, देवीदास फडांची को पिंपरी चिंचवड़, राजेंद्र जगताप, धर्म पारधी, कैलास गर्जे, संजय धुमसे, विजय जाधव, संजय बगुलेया को लोहमार्ग मुंबई और प्रभाकर पवार को नवी मुंबई में नियुक्त किया गया है।

# वसई फाटा के पास हाइड्रोजन सिलेंडर ले जा रहा ट्रक पलटा

## मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम

**दोपहर संवाददाता । वसई**



वसई फाटा के पास हाइड्रोजन सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक पलट गया और हादसा हो गया। इस हादसे के बाद रात तीन बजे से मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर भीषण जाम लग गया है। इसके चलते वाहनों की आठ से दस किलोमीटर लंबी कतार लग गई है। इसके कारण पिछले छह से सात घंटे से यात्री जाम में फंसे हुए हैं। मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग वसई पूर्व से होकर गुजरता है। शनिवार को एक हादसा तब हुआ जब हाइड्रोजन सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक के ड्राइवर ने गुजरात चैनल पर नियंत्रण खो दिया। पूरा सिलेंडर सड़क पर गिरने से हाईवे पर यातायात बाधित हो गया है। रात तीन बजे से ही मुंबई और गुजरात दोनों चैनलों पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो गई है। वाहन चालकों का कहना है कि इस जाम के कारण छह से सात घंटे तक वाहन चालकों को जाम में फंसे रहना पड़ता है। हाईवे ट्रैफिक पुलिस और वसई ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से यातायात को सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है। इस ट्रैफिक जाम के कारण शहर को जोड़ने वाली आंतरिक सड़कें जाम हो गईं। सातिवली, वसईफाटा, नायगांव जैसी जगहों पर ट्रैफिक जाम रहा। नायगांव पूर्व के बापाने फाटा में जाम के कारण नायगांव पुलिस ने यातायात को तिवारी फाटा से डायवर्ट कर दिया था।

# सफाले रेलवे स्टेशन पर छेड़छाड़ का विरोध करने पर समाजसेविका पर हमला, केस दर्ज

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

पालघर के सफ़ाले इलाके में रहने वाली एक समाजसेविका से हैवानियत की घटना सामने आई है। यहां एक 26 साल की समाजसेविका ने अपने साथ हो रही छेड़छाड़ का जब विरोध किया तो हैवानों ने उस पर हमला कर दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। मामले की शिकायत मिलने के बाद जीआरपी साईं नगर सफाले निवासी इस्लाम मुमताज शेख और आरिफ सहित



एक अन्य आरोपी पर केस दर्ज कर 2 लोगों को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### क्या है मामला ?

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को समाज सेविका बोईसर से शाम 5 ।33 की लोकल ट्रेन पकड़कर करीब 6 बजे सफाले रेलवे स्टेशन पर पहुंची। और प्लेटफार्म नंबर 1 के किनारे पार्किंग एरिया में खड़ी अपनी गाड़ी लेने गई तभी एक इस्लाम ने उससे अश्लील हरकते और छेड़छाड़ शुरू कर दी। समाजसेविका ने जब इस का विरोध किया तो आरिफ भी वहा अपने एक अन्य साथी के साथ पहुंच गया। और समाजसेविका पर हमला कर दिया और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। समाजसेविका के साथ हुई छेड़छाड़ और उस पर हमले की जानकारी मिलने के बाद बजरंग दल भड़क गया। बजरंग दल के नेता चंदन सिंह ने कहा कि नराधम खुलेआम महिलाओ और युवतियों को अपना निशाना बना रहे है। और विरोध करने पर उन पर हमले कर रहे है। चंदन सिंह कहा कि इन घटनाओं को रोकने के लिए सरकार अपनी नींद तोड़े नही तो हमे महिलाओ की सुरक्षा में उतर कर सरकार को नींद से जगाना आता है। उन्होंने मामले में शामिल तीनों आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# शादी का झांसा देकर हड़प लिए 60 लाख

## मैट्रीमोनियल ऐप पर युवती से बनाई जान पहचान

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

कल्याण में एक युवती से मैट्रोमोनियल ऐप पर धोखाधड़ी की घटना सामने आई है, एक युवक ने इंजीनियर युवती से पहचान बढ़ाकर और शादी का प्रलोभन देकर करीब 60 लाख रुपए ऐंठ लिए, खड़कपाड़ा थाने की पुलिस ने एक युवती से धोखाधड़ी करने वाले कुणाल पाटिल नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया हैं। कुणाल के खिलाफ इससे पहले नासिक में भी ऐसा ही करने का मामला दर्ज किया गया था, चौंकाने वाली बात यह है कि युवती वास्तव में उससे कभी नहीं मिली, वे सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से संपर्क में थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पश्चिम के खड़कपाड़ा इलाके में एक हाई प्रोफाइल सोसायटी में एक युवती रहती है। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। कुछ महीने पहले इस युवती की मुलाकात मैट्रोमियल ऐप के जरिए कुणाल पाटिल नाम के युवक से हुई। दोनों ऑनलाइन एक दूसरे के संपर्क में थे। इसके बाद कुणाल ने युवती को शादी का प्रलोभन दिया और नजदीकियां बढ़ा लीं।



### शादी का प्रलोभन देकर मांगे पैसे

लड़की को विश्वास में लेने के बाद कुणाल ने कुछ कारण बताकर उससे पैसे की मांग की, युवती ने यह सोच कर कि उसकी शादी होने वाली है, उसने जितने पैसे मांगे उतने पैसे दे दिए। इसके लिए उन्होंने लोन भी लिया था। कुणाल ने उसे आश्वासन दिया था कि वह ऋण राशि की किश्तें चुका देगा, लेकिन कुछ दिन बाद उसने लोन की किस्त नहीं चुकाई। युवती ने उससे सवाल किया कि भुगतान कब किया जाएगा? लेकिन उसने कारण बताकर पैसे देने से इनकार कर दिया। युवती को एहसास हुआ कि कुणाल उसे धोखा दे रहा है, कुणाल ने उससे करीब 60 लाख रुपए ऐंठ लिए थे, आखिरकार युवती द्वारा खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में कई जगहों पर गई।

# मेंटल अस्पताल आधुनिक तकनीक से होगा सुसज्जित

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

शहर में स्थित सौ साल पुराने ऐतहासिक मेंटल अस्पताल की काया पलटी करने के लिए राज्य सरकार ने 560 करोड़ रुपये की निधी को मंजूरी दे दी है ।72 एकड़ जमीन में फैला हुआ इस अस्पताल के 12 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण और कुछ जमीन को रेलवे व मनपा को विकास कार्य के लिए आवंटित कर दिया है ।देश का पहला मेंटल अस्पताल जो कि आधुनिक तकनीक से सुसज्जित बैंगलोर में स्थित NIMHANS के तर्ज पर ठाणे का मेंटल अस्पताल बनेगा ।अस्पताल में कुल 26 इमारत का निर्माण कार्य किया जायेगा।



### अस्पताल की स्थापना 1901 में

इस अस्पताल की स्थापना 1901 में हुआ था जो कि अब सौ साल पूरा कर लिया है ।वर्तमान में इस अस्पताल में मनो रोगियों के इलाज के लिए 1850 बेड की क्षमता है ।मनो रोगी के बढ़ते देख 3278 बेड का भव्य अस्पताल का निर्माण कार्य किया जायेगा ।भारत देश का पहला सबसे अधिक क्षमता का मेंटल अस्पताल होगा ।बैंगलोर स्थित NIMHANS (नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ अँड न्यूरोसायन्सेस) के तर्ज पर मेंटल अस्पताल का होगा निर्माण ।अस्पताल के स्टाप के लिए 12 मंजिल इमारत व मरीज के परिजनों के लिए 8 मंजिला इमारत और मरीजों के लिए ग्राउंड प्लस दो की 26 इमारतों का निर्माण होगा ।जिसमें 1 कमरे में 28 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी ।आडोटेरियम हाल में होगी 500 लोगों की बैठने की क्षमता ।सायक्रेटिक मरीज का न्यूरोलॉजी शल्यक्रिया भी किया जायेगा ।यह जानकारी मेंटल अस्पताल के सुपरिटेंडेंट(अधीक्षक)डॉ। नेताजी मुलिक ने दिया।

# संसद में राहुल गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भड़के कांग्रेसी

## भिवंडी शहर जिला मुख्यालय के सामने अनुराग ठाकुर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संसद में बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर अपना कड़ा विरोध करते हुए भिवंडी शहर जिला कांग्रेस मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने अनुराग ठाकुर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की,साथ ही साथ स्पीकर से और बीजेपी से अनुराग ठाकुर पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में भिवंडी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राशिद ताहिर मोमिन, पीसीसी सदस्य जावेद फारुकी, भिवंडी शहर जिला महिला अध्यक्ष रुखसाना




कुरैशी, प्रदेश महिला सचिव रेहाना अंसारी, महासचिव अरशी आजमी , पूर्व मनपा गट नेता शकील पापा, पूर्व नगर सेवक मुन्ना अशरफ, पूर्व नगर सेवक शाफ मोमिन, महासचिव आमिर खान ,जवाद चिखलेकर पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य समीम कुरेशी सहित पूर्व पदाधिकारी, कांग्रेस नेता वा महिला पुरुष कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# चोरों ने शराब की दुकान पर बोला धावा

## पौने पांच लाख रुपये लेकर चोर हुए फरार

**दोपहर संवाददाता । कल्याण**

दो लुटेरों द्वारा शराब की दुकान में घुसकर करीब पौने पांच लाख रुपये लूटने की घटना सामने आयी है। कल्याण की महात्मा फुले पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कल्याण थाना इलाके में स्थित एक वाइन शॉप में चोरी से हड़कंप मच गया है।




### चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

कल्याण स्टेशन इलाके में गिरीश वाइन शॉप है। शनिवार सुबह वाइन शॉप का कर्मचारी दुकान पर आया। दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था। वाइन शॉप के लॉकर से 4 लाख 75 हजार रुपये गायब थे। इस वाइन शॉप के पीछे एग्जॉस्ट फैन लगा हुआ था। उस पंखे को हटा दिया गया। यह सब दुकानदार को दुकान का सीसीटीवी देखने के बाद पता चला। दो चोर एग्जॉस्ट फैन हटाया और दुकान में दाखिल हुआ, चोर वाइन शॉप से 4 लाख 75 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। वाइन शॉप मालिक ने कल्याण के महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी में चोरों के चेहरे नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जल्द ही दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कल्याण स्टेशन इलाका व्यस्त माना जाता है। चोरी सुबह करीब 4 बजे हुई। यानी स्टेशन क्षेत्र में सब्जी बाजार शुरू हो गया था।

# भाजपा वसई-विरार जिला कार्यकारिणी की बैठक आज

**एजेंसी । मुंबई**

चुनाव की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में भाजपा वसई-विरार जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार, 4 अगस्त को आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के संबंध में भाजपा वसई-विरार जिला प्रसिद्धि प्रमुख मनोज बारोट ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह बैठक आयोजित की जा रही है।



यह बैठक रविवार को सुबह 9:30 बजे विरार पश्चिम स्थित धीमहि बैंक्वेट हॉल, स्वामी नारायण मंदिर के बगल, सारस्वत बाग के सामने, जूना विवा कॉलेज रोड, विरार पश्चिम में होगी। बैठक में आगामी चुनावों की रणनीति पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। बैठक में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश महामंत्री माधवी ताई नाईक, प्रदेश सचिव एवं प्रभारी रानी द्विवेदी, पालघर के सांसद डॉ। हेमंत सवरा, विभागीय संगठन मंत्री हेमंत म्हात्रे, जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, नालासोपारा विधानसभा प्रमुख राजन नाईक, वसई विधानसभा प्रमुख मनोज पाटिल, बोइसर विधानसभा प्रमुख विलास तरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# उल्हासनगर शहर में शिवसेना-बीजेपी में फिर से तनाव

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर में शहाड पुल में होल हो जाने और शहर की सड़कों पर गड्ढों की समस्या ने एक बार फिर उल्हासनगर में शिवसेना और भाजपा गठबंधन के बीच तनाव पैदा कर दिया है। शिव सेना शिंदे गुट के युवा सेना कल्याण लोकसभा सचिव विक्की भुल्लर ने विधायक कुमार आयलानी की आलोचना करते हुए शहर में बैनर लगाए हैं। इन बैनरों के जरिए उन्होंने विधायकों के प्रदर्शन पर कई सवाल उठाए हैं।




विक्की भुल्लर ने स्पष्ट किया कि वह गठबंधन के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि शहर के विकास के लिए उन्होंने यह झंडा उठाया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शिवसेना गठबंधन में भाजपा का टिकट बांटकर शिंदे गुट को देती है तो वह विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार हैं। शहद पुल पर होल और शहर की सड़कों पर खड्डों से नागरिक परेशान हैं। विक्की भुल्लर के बैनर ने उल्हासनगर शहर में राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। शहरवासियों ने भी इन समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की है। सबकी नजर इस बात पर है कि बीजेपी विधायक कुमार आयलानी इस पर क्या प्रतिक्रिया देंगे। शहर में विकास कार्यों और सड़कों के रखरखाव को लेकर स्थानीय राजनीति गरमा गई है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** प्यार की कोई एक मंजिल नहीं होती : किशोर कुमार

# एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान न लाया जाए : अठावले


**मुंबई।** एससी-एसटी आरक्षण से क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग की जातियों का उप वर्गीकरण किया जाना चाहिए। इससे समूह में पिछड़ी जातियों को लाभ मिलेगा। लेकिन इस वर्ग के आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान न लाया जाए। ऐसा किया गया तो हमारी पार्टी इसका विरोध करेगी।



### समान उप-वर्गीकरण की मांग

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख और सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने ओबीसी और सामान्य श्रेणी के सदस्यों के लिए भी समान उप-वर्गीकरण की मांग की। अठावले ने कहा कि एससी-एसटी के लिए आरक्षण जाति पर आधारित है। एससी और एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान लागू करने के किसी भी कदम का आरपीआई (ए) कड़ा विरोध करेगी।

# 'वाझे के आरोप फडणवीस की नई चाल'




**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नेता अनिल देशमुख ने शनिवार को दावा किया कि मुंबई पुलिस के बर्खास्त अधिकारी सचिन वाझे द्वारा उनके खिलाफ रिश्वत लेने का हालिया आरोप लगाया जाना उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की एक 'नयी चाल' है। वाझे 'एंटीलिया' बम कांड और ठाणे के व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में आरोपी है। वाझे वर्तमान में नवी मुंबई के तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद है। वाझे ने देशमुख के खिलाफ रिश्वत लेने के अपने आरोप को दोहराया है।

### देशमुख ने दे दिया था इस्तीफा



मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने गृह मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस अधिकारियों से शहर के बार और रेस्टोरेंट से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूलने को कहा था। आरोपों के मद्देनजर देशमुख ने 2021 में गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। वाझे ने पूर्व में एक जांच आयोग को बताया था कि उसने देशमुख के निर्देश पर उनके सहयोगियों को रकम दी थी।

### वाझे के आरोप देवेंद्र फडणवीस की नयी चाल

वाझे द्वारा आरोपों को दोहराने पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल देशमुख ने कहा, ''सचिन वाझे के आरोप देवेंद्र फडणवीस की नयी चाल है क्योंकि कुछ दिन पहले, मैंने फडणवीस पर आरोप लगाया था कि कैसे उन्होंने तीन साल पहले मुझे उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे को फंसाने के लिए दबाव बनाया था।'' उन्होंने कहा, ''फडणवीस शायद नहीं जानते कि बंबई उच्च न्यायालय ने सचिन वाझे के बारे में कहा है कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसे हत्या के दो मामलों में गिरफ्तार किया गया था और वह ऐसा शख्स नहीं है जिस पर भरोसा किया जा सके।''

### वाझे खुद हैं आपराधिक रिकॉर्ड वाले

देशमुख ने आरोप लगाया कि फडणवीस ने उन्हें फंसाने के लिए आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्ति का इस्तेमाल किया। देशमुख ने हाल में दावा किया था कि फडणवीस जब नेता प्रतिपक्ष थे तो उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे और पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार के खिलाफ हलफनामे पर हस्ताक्षर करने के लिए उन पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। फडणवीस ने आरोपों से इनकार किया और देशमुख के कई ऑडियो-विजुअल क्लिप जारी करने की धमकी दी, जिस पर देशमुख ने पलटवार करते हुए दावा किया कि उनके पास वरिष्ठ भाजपा नेता के खिलाफ गंभीर आरोपों वाली एक पेन ड्राइव है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## पूजा खेडकर की मां यरवदा जेल से रिहा



### किसान को धमकाने के मामले में किया गया था गिरफ्तार

**मुंबई/पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस रहीं पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। उन्हें पुणे की अतिरिक्त सत्र न्यायालय से जमानत मिली थी। मनोरमा को पिछले महीने पुणे ग्रामीण पुलिस ने एक स्थानीय किसान को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में पौड पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### यूपीएससी रद कर चुका उम्मीदवारी

संघ लोक सेवा आयोग पूजा खेडकर की उम्मीदवारी को रद कर चुका है। वह भविष्य में आयोग की किसी भी परीक्षा में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगी। दस्तावेजों की जांच के बाद उन पर कार्रवाई की गई है। पूजा को सीएसई-2022 के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

### क्या है मामला?

पूजा खेडकर 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी रही हैं। उन पर यूपीएससी की सीएसई परीक्षा पास करने में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दिव्यांग कोटा के प्रमाण पत्र के दुरुपयोग करने का आरोप। संघ लोक सेवा आयोग ने (UPSC) ने पूजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था।

# संजय निरुपम ने उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे और भाजपा नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच सियासी घमासान चल रहा है। उद्धव ठाकरे ने दो दिन पहले देवेंद्र फडणवीस को चुनौती देते हुए कहा था कि या तो वह रहेंगे या हम रहेंगे। उद्धव ठाकरे के बयान के बाद महाराष्ट्र की सियासत में जमकर बयानबाजी हुई थी। भाजपा और एनडीए के नेताओं ने उन पर जमकर हमला बोला था, लेकिन शनिवार को उद्धव ठाकरे ने पुणे में आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और फडणवीस पर हमला बोला। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने फडणवीस को चैलेंज नहीं दिया, बल्कि भाजपा को दिया है। फडणवीस की इतनी बड़ी हैसियत नहीं है कि मै उन्हें चुनौती दूं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि खटमल को अंगूठे से कुचला जाता है।

उद्धव ठाकरे का बयान आने के बाद शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय निरुपम का बयान आया है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर ट्वीट कर उन पर हमला बोला है।

### बंदर भी इतना तेज नहीं पलटता : निरुपम

उन्होंने लिखा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे जो बोलते थे, उस पर आजीवन टिके रहते थे। बालासाहेब के तथाकथित वारिस 48 घंटे में पलटी मार गए। मुंबई के रंगशारदा हॉल में उन्होंने चैलेंज किया था कि या तो तुम रहोगे या मैं। यह चैलेंज उन्होंने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणविस को दिया था। उन्होंने कहा कि आज पुणे में उन्होंने पलटी मार दी। या तो मारे डर के या भूलचूक माफ करो के अंदाज में। उन्होंने मुंबई वाले भाषण पर सफाई देते हुए कहा है कि मैंने फडणविस को नहीं, भाजपा को धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि बंदर भी इतना तेज नहीं पलटता। कोई उन्हें उनका मुंबई वाला भाषण सुनाए तो उनके झूठ का भंडाफोड़ हो जाएगा। आज फिर स्पष्ट हो गया कि बालासाहेब का असली वारिस वो कभी नहीं हो सकते।

### दिमाग पर से नियंत्रण खो दिया: फडणवीस



दूसरी ओर, देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को उद्धव ठाकरे को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे ने अपने दिमाग पर से नियंत्रण खो दिया है। हम इस तथ्य पर कैसे प्रतिक्रिया दें कि वे अत्यधिक तनाव में जी रहे हैं और उस तनाव के कारण वे किस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं? उन्होंने कहा किएक व्यक्ति ऐसी बात करता है जैसे उसका दिमाग खराब हो गया हो और वह जवाब नहीं देना चाहता हो, लेकिन यह भाषण देकर उन्होंने दिखाया है कि उद्धव ठाकरे उसी औरंगजेब फैन क्लब से हैं जिसका जिक्र अमित शाह ने किया था।

# म्हाडा के लग्जरी प्रोजेक्ट में पार्किंग की समस्या

## 75 घरों के लिए पार्किंग की समस्या ■ पार्किंग टावर का विकल्प फेल

**दीपक पवार । मुंबई**

म्हाडा के मुंबई डिवीजन के माध्यम से पहाड़ी गोरेगांव में एक आलीशान टावर का निर्माण किया जा रहा है। म्हाडा की पहली परियोजना, जिसमें स्विमिंग पूल, क्लब हाउस, योग केंद्र जैसी आधुनिक सेवाएं शामिल हैं, में पार्किंग की समस्या होने की संभावना है। मध्यम आय वर्ग के दो विजेताओं को एक पार्किंग स्थल का उपयोग करना होगा। म्हाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसे हल करने के लिए, बोर्ड ने एक मैकेनिकल पार्किंग टावर स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन जगह की कमी के कारण यह विफल रहा।



**घर का क्षेत्रफल (कालीन में) टॉप क्लास प्रोजेक्ट में**

**उच्च आय वर्ग:** 979 .58 वर्गफुट का 3 बीएचके फ्लैट
**मध्यम आय वर्ग :** 794 .31 वर्गफुट का 2 बीएचके फ्लैट

**आलीशान सुविधाएं**

- स्विमिंग पूल क्लब हाउस योग केंद्र जिम
- पोडियम पार्किंग सोसायटी कार्यालय

### गोरेगांव पश्चिम के पहाड़ी इलाके में इमारत का निर्माण

म्हाडा के माध्यम से गोरेगांव पश्चिम के पहाड़ी इलाके में एक आलीशान इमारत का निर्माण किया जा रहा है, जो मुंबई में अपने असली घर के सपने को पूरा करती है। इस इमारत में मध्यम और उच्च आय वर्ग के कुल 332 घर हैं। इसमें मध्यम आय वर्ग के लिए 227 तथा उच्च आय वर्ग के लिए 105 आवास बनाये गये हैं। मध्यम आय वर्ग के घर का क्षेत्रफल 794 वर्ग फुट और उच्च आय वर्ग के घर का क्षेत्रफल 979 वर्ग फुट होता है। पहली बार म्हाडा के माध्यम से स्विमिंग पूल, क्लब हाउस जैसी विभिन्न सुविधाओं वाला प्रोजेक्ट क्रियान्वित किया जा रहा है। इन घरों की कीमत भी करोड़ों रुपये में है. इस प्रोजेक्ट के मकानों को अगले हफ्ते जारी होने वाले विज्ञापन में शामिल किया जाएगा. लेकिन यह बात सामने आई है कि इस प्रोजेक्ट में पार्किंग की बड़ी समस्या है. बोर्ड के अधिकारियों ने सरकार के फैसले के मुताबिक पार्किंग को मंजूरी दे दी है. इसके मुताबिक, हर दो मकान के बाद मध्यम आय वर्ग के लिए एक पार्किंग स्थान उपलब्ध होगा। जबकि उच्च आय वर्ग के लिए प्रति घर एक पार्किंग स्थान उपलब्ध होगा। इसलिए, लॉटरी जीतने वाले मध्यम आय वर्ग के दो विजेताओं के लिए एक पार्किंग स्थल उपलब्ध होगा। इसलिए भविष्य में इस प्रोजेक्ट में 75 मकानों की पार्किंग की समस्या उत्पन्न होगी. इसे सुलझाने के लिए मुंबई बोर्ड के बिजली विभाग ने बिल्डिंग के पास एक पार्किंग टावर खड़ा करने की कोशिश की. लेकिन म्हाडा के सूत्रों ने बताया कि विजेताओं को पार्किंग की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

# सेंट्रल रेलवे पर यातायात बाधित

### 15 से 20 मिनट देरी से चली लोकल ट्रेन

**मुंबई।** मुंबई में सेंट्रल रेलवे का यातायात शनिवार को फिर एक बार बाधित हो गया है। तकनीकी समस्या और एक्सप्रेस ट्रेन के कारण मध्य रेलवे का यातायात बाधित हो गया है। इसके चलते कसारा से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जाने वाली लोकल सेवाएं करिब 15-20 मिनट देरी से चली। ट्रेन देरी से चलने की यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं रेलवे स्थानकों पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। ट्रेनों में हो रही देरी की वजह से कल्याण और बदलापुर स्थानकों पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। रेलवे प्रशासन की ओर से यातायात सुचारू करने का काम शुरू कर दिया गया। पिछले कुछ दिनों में सेंट्रल रेलवे पर यातायात कई बाधित हुई है। जिससे यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले माटुंगा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर बांस गिरने से यातायात प्रभावित हो गया था। ओवरहेड तार पर बांस गिरने से एक लोकल ट्रेन अप एक्सप्रेस लाइन बाधित हो गई थी। इससे कई यात्री पैदल अपने गंतव्य तक पहुंचे थे। वहीं शनिवार को एक बार फिर यातायात बाधित हो गया है।

### रविवार को मध्य रेलवे पर मेगा ब्लॉक




इस बीच जानकारी मिली है कि मध्य रेल और हार्बर लाइन पर रविवार (4 अगस्त) को मेगा ब्लॉक रहने वाला है। मध्य रेल का मुंबई मंडल रविवार को उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कामों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3 .55 बजे तक मुंबई से निकलने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएगी। ट्रेनें 15 मिनट देरी से अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचेगी। तो वहीं ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। इसके अलावा अप और डाउन हार्बर लाइन वडाला रोड और मानखुर्द के बीच सुबह 11.00 बजे से शाम 4 .00 बजे तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। हालांकि सीएसएमटी-बांद्रा/गोरेगांव सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी और इस ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल और मानखुर्द के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी। हार्बर लाइन के यात्रियों को ब्लॉक अवधि के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 4 .30 बजे तक ट्रांस हार्बर लाइन और मेन लाइन के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति होगी।

# रेसिंग के शौक ने किया चोरी को मजबूर



### मैकेनिक ने गायब की 5 स्पोर्ट्स बाइक्स

**मुंबई।** मुंबई में एक 19 वर्षीय बाइक मैकेनिक ने अपने शौक को पूरा करने के लिए 5 स्पोर्टस् बाइक चोरी कर ली। मैकेनिक आर्थिक तंगी के कारण परेशान था अपना शौक पूरा नहीं कर पा रहा था इसलिए उनसे बाइक चोरी करने का प्लान बनाया और 5 स्पोर्टस् बाइक चुरा ली। एक ने जब ट्रॉम्बे पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई तब यह मामला सामने आया। ट्रॉम्बे पुलिस ने एक 19 वर्षीय बाइक मैकेनिक को गिरफ्तार किया है। जिसने कथित तौर पर बांद्रा के मोटरसाइकिल रेस में हिस्सा लेने के लिए कुल 5 लाख रुपए की तीन स्पोर्ट्स बाइक चुराई थी। पुलिस उपनिरीक्षक शरद नाणेकर ने आरोपी की पहचान फरदीन नूर मोहम्मद सईद उर्फ फैबी के रूप में की गई है, जो अक्सर बांद्रा रिक्लेमेशन के पास बाइक रेस में हिस्सा लेता था। अपने पेशे की वजह से आरोपी को बाइक चुराने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। पुलिस ने चोरी की गई सभी गाड़ियों को एक अस्पताल की पार्किंग से जब्त कर लिया है। मामला तब प्रकाश में आया जब शिकायतकर्ता अनवर शकील खान (27) ने ट्रॉम्बे पुलिस से शिकायत दर्ज कराई कि 31 जुलाई को उनकी स्पोर्ट्स बाइक किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा ली है।

# मनपा अस्पतालों में जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी चरणबद्ध तरीके से होगी लागू

**मंबई।** मुंबई महानगर पालिका द्वारा संचालित अस्पतालों में आनेवाले मरीजों को बाहर से दवा न खरीदनी पड़े इसके लिए मनपा प्रशासन ने जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी लागू करने की घोषणा की थी। घोषणा होने के 8 महीने बाद भी इसके लागू होने की संभावना कम ही दिखाई दे रही है। जबकि मनपा प्रशासन इस नीति को दो चरण में लागू करने की बात कह रहा है। मनपा अस्पतालों में मुंबई के अलावा दूर-दराज से मरीज इलाज के लिए आते हैं। इन्हें इलाज के दौरान मनपा शेड्यूल में जो दवाइयां नहीं होती हैं ऐसी अधिकांश दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती हैं, ऐसे में मरीजों की जेब पर बोझ पड़ता है। बीते वर्ष मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने केईएम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था, इस दौरान कई मरीजों ने बाहर से दवाइयां खरीदने की दिक्कत बताई थी। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने गरीब मरीजों पर इलाज का बोझ कम करने के लिए पिछले वर्ष ही जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी लागू करने की घोषणा की थी।



### इतने आते हैं मरीज

मुंबई मनपा 4 मेडिकल कॉलेज, 1 डेंटल कॉलेज, 16 उपनगरीय अस्पताल, 5 विशेष अस्पताल, 30 प्रसूति अस्पताल, 192 डिस्पेंसरी चलाई जा रही हैं। इसके अलावा 202 हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखानाš भी कार्यरत है। इन प्रमुख अस्पतालों में 7100 बेड, उपनगरीय अस्पतालों में 4000 बेड, विशेष अस्पतालों में 3000 बेड को मिलाकर लगभग 15 हजार बेड हैं। इन अस्पतालों में प्रतिदिन 50,000 से अधिक मरीज ओपीडी सेवाओं से लाभान्वित होते हैं साथ ही, सालाना औसतन 30 लाख से अधिक मरीज अंतर-रोगी सेवाओं से लाभान्वित होते हैं।

### दो बार चूकी है डेडलाइन

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद 15 जनवरी से इस पॉलिसी को लागू करना था। लेकिन मनपा के केंद्रीय खरीदारी विभाग के पास अस्पतालों से दवाइयों की सूची पहुंचने में देरी होने के कारण यह लागू नहीं हो पाई। इसके बाद मनपा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में इसे 1 अप्रैल से लागू करने की घोषणा की थी। लेकिन निविदा प्रक्रिया पूरी न होने और आचार संहिता लागू होने से मामला फिर लटक गया।

### पांच हजार सामग्री नई सूची में

मौजूदा समय में मनपा के शेड्यूल में बुखार, खांसी, दर्द निवारक दवा, इंजेक्शन आदि जैसी 1600 वस्तुएं हैं। जो मनपा खरीदकर मरीजों को मुफ्त में मुहैया कराती है। लेकिन जीरो प्रिस्क्रिप्शन पॉलिसी के तहत नई दवाइयां और सर्जरी सामग्री को जोड़ा गया है जिसकी संख्या मनपा शेड्यूल में बढ़कर 5 हजार हो गई है।

### दो चरण में लागू होगी नीति

मनपा के खरीदी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 4,000 से 5,000 वस्तुओं के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है। दवाइयों व सर्जिकल सामग्री की 13 अनुसूचियां हैं ऐसे में सभी सामग्री एक बार में उपलब्ध कराना संभव नहीं है। इसलिए यह चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी।

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# खेल से खिलवाड़

इसमें दो राय नहीं कि खेलों के विकास के लिये वर्ष 2016-17 में केंद्र सरकार द्वारा लायी गई योजना 'खेलो इंडिया' खेलों के विकास की दृष्टि से एक अभिनव योजना थी। जिसका मकसद था कि देश भर में खेलों में सामूहिक भागीदारी बढ़ाने के साथ खेलों की उत्कृष्टता को भी संबल मिले। जिसके मूल में मकसद यह भी था कि देश में खेलों के बुनियादी ढांचे के निर्माण व उन्नयन में मदद मिले। जिसको लेकर केंद्र सरकार का दावा था कि यह योजना खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में उच्चस्तरीय प्रदर्शन के लिये प्रेरित करेगी। निश्चित रूप से देश के कई राज्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के मामले में दूसरे राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर भी रहे हैं। लेकिन इस योजना की सफलता तभी तार्किक हो पाएगी जब आर्थिक सहायता खिलाड़ियों के प्रदर्शन और सफलता के आधार पर तय होगी। जैसे कि देश में विभिन्न उद्योगों में स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित करने के लिये उद्योगों की सफलता का मानक उत्पादन का स्तर तथा गुणवत्ता होती है। कमोबेश खेलों में भी स्वस्थ स्पर्धा को बढ़ाने के लिये इस तर्ज पर आर्थिक सहायता दिये जाने की उम्मीद की जाती रही है। कहने का अभिप्राय यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया ही जाना चाहिए। फिलहाल देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी वर्षों के अभ्यास व कड़ी मेहनत के बाद पेरिस ओलंपिक में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसी बीच केंद्र की खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिये राज्यों को आवंटित धन को लेकर एक अप्रिय विवाद खड़ा हो गया है। निश्चित रूप से यह अप्रिय विवाद उठने का समय असंगत है। निश्चित रूप से पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिये संघर्ष कर रहे खिलाड़ियों के मनोबल पर इसका धनात्मक प्रभाव तो नजर नहीं ही आएगा। दरअसल, कांग्रेसी नेतृत्व वाले मुखर विपक्ष और कुछ खेल पंडितों का आरोप है कि राज्यों को आर्थिक राशि वितरण में भेदभाव किया गया है। आरोप है कि केंद्र ने हरियाणा-पंजाब जैसे राज्यों के साथ भेदभाव किया है। दलील है कि पेरिस ओलंपिक में भाग लेने गये भारतीय खिलाड़ियों के दल में संख्या के हिसाब से पांचवां हिस्सा हरियाणा से है। लेकिन राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं मे धूम मचाने वाले हरियाणा के हिस्से में खेलो इंडिया योजना के तहत महज 66.6 करोड़ रुपये ही आए हैं। वहीं दूसरी ओर गुजरात, जिसके चुनिंदा खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में खेलने गए हैं, उसे खेलो इंडिया योजना के तहत 426 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। उत्तर प्रदेश को भी योजना के तहत 438 करोड़ रुपये मिले। विपक्षी दलों का कहना है कि उत्तर प्रदेश से सिर्फ छह ही एथलीट ओलंपिक में भाग लेने गए हैं। वहीं पुरुष हॉकी में दबदबा रखने वाले पंजाब के हिस्से में खेलों के संरचनात्मक विकास के लिये सिर्फ 78 करोड़ रुपये ही आए हैं। विपक्षी दल के राजनेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत धन आवंटन के लिये किन मापदंडों का पालन किया गया, उसे सार्वजनिक करने की जरूरत है। निस्संदेह, देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले उ.प्र. जैसे राज्य के लिये अधिक आर्थिक सहायता तार्किक हो सकती है। लेकिन केंद्र सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इस राशि के आवंटन में क्या भौगोलिक क्षेत्र धनराशि बांटने का आधार रहा या जनसंख्या का आकार? यदि कोई अन्य वजह है तो उसका स्पष्टीकरण किया ही जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी स्थिति में हर तरह की विसंगति को दूर करने के लिये इस योजना की गहन समीक्षा की जरूरत महसूस की जा रही है। सतर्कता की जरूरत है कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या लालफीताशाही किसी भी हालत में खेलों इंडिया की पवित्र भावना के साथ खिलवाड़ न कर सके। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि विभिन्न राज्यों को इस योजना के तहत मिले धन के उपयोग की भी सतर्क निगरानी की जाए। जिससे खेलों के अनुकूल वातावरण बनाने में मदद मिल सके।

## शख्सियत — फिरोजशाह मेहता

### बॉम्बे का शेर



फिरोजशाह मेहता को 'बॉम्बे का शेर' कहा जाता था। वह 1890 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने 1910 में एक अंग्रेजी साप्ताहिक समाचार पत्र बॉम्बे क्रॉनिकल की स्थापना की। उनकी कानूनी सेवाओं के लिए उन्हें अंग्रेजों द्वारा नाइट की उपाधि दी गई थी। इस लेख में हम फिरोजशाह मेहता के बारे में जानेंगे जो यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए सहायक होगा।

फिरोजशाह मेहता का जन्म 4 अगस्त, 1845 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज में पढ़ाई की, जहां उन्होंने 1964 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 'बॉम्बे का शेर' और 'बॉम्बे का बेताज बादशाह' उनके उपनाम थे। वह कई नगरपालिका, सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के पीछे एक प्रेरक शक्ति थे। वह नगर पालिका के प्रशासन में एक प्रमुख व्यक्ति थे और इसके नए स्वरूप के लिए जिम्मेदार थे। विश्वविद्यालय से उनका संबंध बहुत लंबा था और उन्होंने विश्वविद्यालय सुधार के मुद्दों पर कई बार वायसराय से लड़ाई की थी। मेहता ही वह व्यक्ति थे, जिन्होंने सबसे पहले बंबई नगर सरकार में सुधार की आवश्यकता का मुद्दा उठाया था। उन्होंने 1872 का बॉम्बे म्यूनिसिपल एक्ट लिखा, जिससे उन्हें 'बॉम्बे म्यूनिसिपल के जनक' की उपाधि मिली। उन्होंने बॉम्बे क्रॉनिकल प्रकाशित किया, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ किए जाने वाले व्यवहार का विवरण दिया गया, जिससे गांधी को निष्क्रिय प्रतिरोध में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। सर, फिरोजशाह मेहता के नाम पर हॉल, सड़कों और लॉ कॉलेजों की संख्या उनके प्रभाव की सीमा को दर्शाती है। इसका एक अच्छा उदाहरण मुंबई विश्वविद्यालय के कलिना परिसर में फिरोजशाह मेहता भवन और अनुसंधान केंद्र है। उनके पूरे जीवन में प्राथमिक और माध्यमिक दोनों शिक्षा ने उनकी रुचियों को आत्मसात किया। उन्होंने शिक्षा को भारत के लिए तेजी से आधुनिकीकरण करने के साधन के रूप में देखा और उन्होंने अंग्रेजी के महत्व पर जोर दिया। मेहता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्य और बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन के अध्यक्ष थे। फिरोज शाह मेहता का निधन 5 नवंबर 1915 को मुंबई में हुआ था।

# बढ़ी आमदनी लाएगी किसानों के लिए खुशहाली



देविंदर शर्मा

पिछले लगभग पच्चीस सालों से बजट प्रस्तुत करते समय अमूमन प्रत्येक वित्त मंत्री अपने संबोधन की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्ती भूमिका का विशेष रूप से बखान से करता आया है। बजटीय भाषणों में इसका गुणगान करने को वे 'किसान की आज़ादी' से लेकर खेती को देश की 'आर्थिकी की जीवनरेखा' बताने जैसे अनेक जुमले इस्तेमाल करते रहे। अरुण जेटली ने कृषि आय में बढ़ोतरी को सरकार की प्राथमिकता में एक बताया था। निर्मला सीतारमण ने भी कृषि की महत्ता को मान्यता देते हुए इसे अपनी नौ मुख्य प्राथमिकताओं में एक बताकर सम्मानीय स्थान पर रखा है। लगभग हर बजट में जिस प्रकार कृषि को आगे बढ़ाने की बातें की गईं, उसके मुताबिक तो अब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कायाकल्प हो चुकी होती। लेकिन 'ध्यान का केंद्र' ठहराए जाने के बावजूद एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि कृषि उबरने की राह पर है। यह इसलिए क्योंकि अधिक जोर फसल उत्पादन बढ़ाने पर बना रहा– इस उम्मीद से कि इससे किसान को अधिक कीमत और आय मिल पाएगी–परंतु कृषि संत्रास उलटा और बढ़ता गया। यदि सफल हरित क्रांति और प्रत्येक बजटीय सहायताओं के बावजूद किसान की खेती से होने वाली औसत वार्षिक आय 10,218 रुपये जितनी है तो खेती पर गहराए गंभीर संकट से इनकार नहीं किया जा सकता।

यहां पर हकीकत की जांच यह है : अनुमानों के अनुसार कर्नाटक में पिछले 15 महीनों में लगभग 1,182 किसानों को आत्महत्या करनी पड़ी है। वहीं महाराष्ट्र में इस साल जनवरी से जून के बीच 1,267 कृषकों को खुदकुशी करनी पड़ी, इसमें 557 मामले अकेले विदर्भ क्षेत्र से हैं।

किसानों द्वारा आत्महत्या कोई नया चलन नहीं है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के पिछले 27 साल के रिकॉर्ड ऐसे मामलों की बहुत बड़ी संख्या दर्शाते हैं। जबकि यह काल वह था जिसमें हर साल बजट में कृषि के लिए पिछले साल से अधिक राशि का प्रावधान किया जाता रहा। वर्ष 1995 से 2014 के बीच, 2,96,438 कृषकों को अपना जीवन समाप्त करने का अतिशयी कदम उठाना पड़ा। वर्ष 2014 से 2022 के बीच यह आकंड़ा 1,00,474 रहा। सरल शब्दों में, 1995 से 2022 के मध्य लगभग 4 लाख किसानों ने आत्महत्या की है और वह भी ऐसे वक्त में जब हर साल बजट में कृषि को उबारने का वादा किया जाता रहा। बजटीय राशि और कृषि संत्रास जारी रहने के बीच कोई मेल नहीं है।

तेलंगाना अब कृषि ऋणों को माफ करने के दूसरे चरण में है। इस प्रक्रिया में 6.4 लाख किसानों का 6.198 करोड़ रुपये कर्ज माफ किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक किसान को कुल ऋण में 1.5 लाख रुपये की राहत मिलेगी। प्रथम चरण में, लगभग 11.34 लाख कृषकों के बैंक खाते में कुल 6,190 करोड़ रुपये डाले गए। तीसरे चरण में, जो इस महीने शुरू होगा, 17.75 लाख किसानों को 12,224 करोड़ रुपये की ऋण छूट मिलेगी। कुल मिलाकर, सूबे में 35.5 लाख किसानों को कर्ज में राहत मिलेगी। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं कि अन्य राज्यों के लिए कृषक के सिर पर बढ़ता जा रहा कर्जा चिंता का विषय नहीं है।

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने संसार की मुख्य 54 अर्थव्यवस्थाओं द्वारा किसान को सब्सिडी के रूप में दी जाने वाली मदद का अध्ययन करने के बाद जो नवीनतम वैश्विक विश्लेषण पेश किया है, उसके अनुसार भारत ही एकमात्र देश है जिसका किसान अपना घाटा पूरा करने को यथेष्ट बजटीय प्रावधानों से महरूम है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारतीय किसान वर्ष 2000 से साल-दर-साल घाटा खा रहा है। क्या अर्थव्यवस्था का कोई अन्य क्षेत्र लगातार होते घाटे में जीवित रह पाता?

भले ही हम कार्यविधि में खामियां ढूंढें लेकिन तथ्य यही रहेगा कि तकनीक विकास की कितनी भी मदद करें या उत्पादकता बढ़ाने को अन्य योजनाओं को कितना भी धन दें, लेकिन इससे किसी किसान की व्यक्तिगत आय में बढ़ोतरी होने से रही। दुनिया में भी कहीं और ऐसा नहीं हो पाया। ओईसीडी का अध्ययन इस तथ्य पर मुहर लगता है।

यह वही है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'वाया बठिंडा' कहते हैं अर्थात् काम या उपाय व्यर्थ घुमा-फिराकर करना। क्यों नहीं हम कृषि आय में बढ़ोतरी के उपाय, इसमें प्रयुक्त अवयवों अथवा तकनीक के आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से करने के बजाय सीधी राह से करते? अनेकानेक अध्ययन दर्शाते हैं कि कैसे लगभग सारा मुनाफा आपूर्तिकर्ताओं की जेबों में चला जाता है और किसान वहीं का वहीं यानी सबसे निचले पायदान पर रह जाता है। यहां तक कि आपूर्ति शृंखला के मामले में भी, अंतिम छोर पर हुए खुदरा मुनाफे में किसान का हिस्सा महज 5-10 फीसदी या इससे कम रहता है। यूके में हुआ हालिया अध्ययन कहता है कि जहां स्ट्रॉबेरी और रसभरी के विपणन से खुदरा मुनाफा 2021 में बढ़कर 21 पेंस हो गया, वहीं इसमें किसान के हिस्से सिर्फ 3.5 पेंस आए। इससे पहले के कुछ अध्ययन दर्शाते हैं कि रोजमर्रा इस्तेमाल की जिन छह आवश्यक वस्तुओं पर कोई उपभोक्ता निर्भर है, किसान को उनसे प्राप्त खुदरा मुनाफे में केवल 1 फीसदी मिलता है। इसलिए, आपूर्ति शृंखला को सुदृढ़ करने पर जोर जरूरी है जैसा कि नवीनतम बजट में भी कहा गया है, यह तभी कारगर हो पाएगा यदि मुख्य उत्पादक यानि कृषक के अधिक हिस्से की गारंटी सुनिश्चित हो। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कुल बजट का महज 3.15 प्रतिशत धन रखना, वह भी तब जब देश की लगभग आधी आबादी का रोजगार खेती हो, इससे कुछ बहुत अधिक प्राप्ति की उम्मीद नहीं की जा सकती। कोई हैरानी नहीं कि पारिवारिक उपभोग व्यय सूचकांक 2022-23 हमें बताता है कि ग्रामीण क्षेत्र में एक परिवार का मासिक औसतन व्यय महज 3,268 रुपये है। अगर खेती से आय व्यावहारिक नहीं होगी तो जाहिर है ग्रामीण इलाकों में लोग खरीद करने में कम पैसे खर्चेंगे।

इसलिए, कृषि की स्थिति पर गंभीर होकर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। सर्वप्रथम गौर जीवनयापन जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर करना होगा ताकि खेती से आय समाज के अन्य तबकों जितनी हो पाए। इसको लेकर मेरा सुझाव है कि राष्ट्रीय कृषक आय एवं भलाई आयोग बनाया जाए, जो तयशुदा समय के भीतर, कृषि आय बढ़ाने के निश्चित उपाय बताए। इसकी शुरुआत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनन बाध्यता बनाकर की जाए।

## सहज योग

# परमात्मा के लिए समय अनन्त है



आप भी जब उसे अलग-अलग होकर सोचते हैं, तब इस तरह से बात बहुतों के दिमाग में आती है कि माताजी कुछ अलग ही बात कह रही है। नहीं। मैं इन सब खोजों की खोज का ही पता आपको दे रही हूं।

कोई भी ऐसी विशेष बात तो कह नहीं रही हूं। नानक जी को आप पढ़ें, कबीर दास जी को आप पढ़े, आप वशिष्ठ को पढ़ें, गुरुओं के गुरु जनक के बारे में आप पढ़ें, अपने देश में छोड़ो, बाहर के देशों में भी हजारों लोगों को जो पार हो चुके हैं हजारों वर्षों से ऐसा ही लिखते आए हैं, यही लिखते आए हैं जो मैं कह रही हूं कि जो पाना है अकस्मात अंदर होता है। लेकिन वो भी बेचारे कहते ही रह गए क्योंकि शायद वो भी उसे खोज नहीं पाए थे गर कोलंबस हिन्दुस्तान नहीं खोज पाया था तो इसका मतलब ये नहीं कि वो कुछ कम था और बाद में जिन लोगों ने उसे खोज लिया है वो उन्होंने उसे कोई नीचे गिराने के लिए नहीं खोजा। ये सामूहिक खोज है। आप भी जब उसे अलग-अलग होकर सोचते हैं, तब इस तरह से बात बहुतों के दिमाग में आती है कि माताजी कुछ अलग ही बात कह रही है। नहीं। मैं इन सब खोजों की खोज का ही पता आपको दे रही हूं। आज तक अत्यन्त कष्ट उठाकर के न जाने कितने मानवों ने इस पर ध्यान दिया। Psychologists ने भी दिया, Biologists ने भी दिया, बड़े बड़े Scientists ने भी दिया। वो भी एक हद तक जाकर के हार जाते हैं। बहुत बहुत संत और जो महंत हो गए। Realized हो गए और उन्होंने भी पा लिया लेकिन दे नहीं पाए। इसका कारण समय है। परमात्मा के लिए समय अनन्त है। हम लोग उसे ऐसा सोचते हैं कि जो लोग पीछे हो गए और जो लोग आगे हो गए और जो लोग मर गए जो बड़े हो गए। कौन मरा है मैं ये पूछना चाहती हूं ? कोई मरता ही नहीं। जितने भी मरते हैं परलोक में बैठते हैं और वापिस यहां लौट आते हैं। प्राणी मात्र से कुछ कुछ लोग मनुष्य हो जाते हैं लेकिन अधिकतर मनुष्य परलोक से वापिस यहां पर और यहां से परलोक! यही आना जाना लगा हुआ है। कोई मरता है तो हो सकता है कि आपमें से जो आज यहां बैठे हुए हैं ये भी जन्म जन्मांतर की खोज लिए हुए आज यहां पहुंच हुए हैं और उसको पा सकते हैं। अगर आप पा सकते हैं तो उसमें इतना वाद विवाद क्यों? एक साधारण सी बात है, मुझे बड़ी बचकाना सी लगती है, बहुत ही बचकाना सी बात है कि लोग हर एक चीज का राजकरण बना लेते हैं। एक मां खाना खाने को दे वह धर्म की ओर मुड़ता है और धर्म की और जब मुड़ता है तब भी वह बाहर ही खोजता है। कारण यह है कि जो वो खुद है स्वयं है वो खोजता है, इसलिए अपने से मनुष्य भागता है। हर समय अपने से भागता है दो मिनट अपने साथ नहीं बैठ पाता। उसको अगर दो मिनट अपने साथ बैठने को कहो तो वो कहता है प्रभु ये क्या मेरे लिए ये सजा हो गई।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

किशोर कुमारः जन्म- 4 अगस्त 1929 — जन्म

किशोर कुमार का जन्म 4 अगस्त 1929 को मध्य प्रदेश के खण्डवा शहर में हुआ था। उनका असली नाम आभास कुमार गांगुली था। वह भारतीय सिनेमा के मशहूर पार्श्वगायक समुदाय में से एक रहे हैं। उन्होंने हिन्दी फिल्मों के साथ-साथ बंगाली, हिन्दी, मराठी, असमी, गुजराती, कन्नड़, भोजपुरी, मलयालम, उड़िया और उर्दू सहित कई भारतीय भाषाओं में गाना गाया था। उन्होंने अपनी गायकी के लिए 8 फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार जीते और उस श्रेणी में सबसे ज्यादा फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। किशोर कुमार की मृत्यु 13 अक्टूबर 1987 को हुई।

# आपकी ताकत ही आपको लक्ष्यों और सपनों के करीब ले जाती है



प्यार की नजर में दुनिया की हर जगह खूबसूरत है। मुझे अपनी जिंदगी से उतनी ही नफरत है जितनी मां को अपने बच्चे से। यदि आप कुछ ऐसा चाहते हैं जो आपके पास कभी नहीं है। तो आपको कुछ ऐसा करना होगा जो आपने कभी नहीं किया। नियति इंसान को धोखा दे सकती है, लेकिन भगवान इंसान को धोखा नहीं देता। प्यार एक ऐसी चीज़ का नाम है जो इंसान को त्याग करना सिखाता है। प्यार की कोई एक मंजिल नहीं होती। मित्र वह है जो तब आता है जब सारी दुनिया बाहर चली जाती है। हम जीवन में जिन चीज़ों की इच्छा रखते हैं उनमें से अधिकांश महंगी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि जो चीज़ें हमें वास्तव में संतुष्ट करती हैं वे बिल्कुल मुफ्त हैं-प्यार, खुशी और हंसी। मां के आंसुओं से ही बच्चे की किस्मत चमकती है। जब तक इंसान जिंदगी में कुछ नहीं बन जाता। तब तक उसके अपने भी परायों जैसा व्यवहार करते हैं। मैं नहीं मानता कि आपको हर किसी से बेहतर होना चाहिए। मेरा मानना है कि आपको जितना आपने सोचा था उससे बेहतर बनना होगा। यदि आप अपने प्रयास में असफल हो जाएं तो कभी निराश न हों। पटरी पर वापस आना आप पर निर्भर है। यह आपकी ताकत है जो आपको अपने लक्ष्यों और सपनों के करीब ले जाती है। इस दुनिया में मेरे तीन सबसे अच्छे दोस्त हैं। वे बचपन, जवानी और बुढ़ापा हैं। जब तक इंसान जिंदगी में कुछ नहीं बन जाता, उसके अपनों की भी हरकतें अजनबियों की तरह होती हैं। गरीब और अमीर में फर्क सिर्फ हैसियत का नहीं, बल्कि दिल का भी होता है। हर दिन एक नई शुरुआत होती हैं। हर दिन खुद को बेहतर और बेहतर साबित करने, कुछ अच्छा करने और अपनी काबिलियत साबित करने का मौका देता है। मैं अपने पेड़ों से बात करना पसंद करता हूं।

## प्रेरक प्रसंग

# आशा का दीपक

पुराने समय में एक गांव था।जहा एक घर में चार दीपक जल रहे थे और वहां के वातावरण में एक शांति छाई हुई थी, शांति भी ऐसीकि हम अपने दिल की धड़कन भी आसानी से सुन सकते थे। पहले दीपक ने दुखी स्वर में बालक से कहा 'मैं शांति हूं, मुझे कोई बनाए नहीं रखना चाहता है। मुझे बुझ जाना चाहिए और इतना कहने के बाद, दीपक बुझ गया। दूसरे दीपक ने बालक से कहा 'मैं विश्वास हूं, अधिकांश लोग मुझे लंबे समय तक कायम नहीं रख सकते हैं। अगर लोग चाहते ही नहीं हैं की मैं लंबे समय तक रहूं, तो क्या फायदा मेरे जलते रहने का क्या महत्व है?' इतने में हवा का एक झोका आया और उस दीपक की लो को बुझा दिया। तीसरे दीपक ने निराश भरे स्वर में बालक से कहा 'मैं ज्ञान हूं, मुझमें अब जलने की ताकत ही नहीं बची है' क्योंकि कुछ लोग मेरे महत्व को नहीं समझते। सभी मनुष्य बिना ज्ञान के पशु बनते जा रहे हैं उन सभी को ज्ञान का महत्व ही नहीं है। इसलिए मुझे बुझ जाना चाहिए। निराशा की वजह से वह एक पल बिना प्रतीक्षा के वह भी बुझ गया। तभी एक बालक ने उस घर में प्रवेश किया और उसने देख तीन दीपक नहीं जल रहे है। उसने पूछा कि तुम तीनों क्यों नहीं जल रहे हो जबकि तुम्हें तो आखिरी पल तक जलकर प्रकाश देना चाहिए। इतना कहकर वह बालक निराश होकर रोने लगा। चौथा दीपक जो अभी तक जल रहा था उसे बालक का रोना देखा नहीं गया और उसने बालक से कहा 'मेरे जलते रहने पर तुम्हें रोने की कोई जरुरत नहीं है, क्योंकि मैं आशा का दीपक हूं।' बालक की आंखों में चमक लौट आई और उसने आशादीप से पुनः शेष तीनों दीपों को जला दिया। 'आशा' वह दीपक है जिससे शांति, विश्वास और ज्ञान को पुनर्जीवित कर सकता है। हमारे जीवन में आशाबनी रहनी चाहिए। इसके बल पर हम संपूर्ण मानवता के लिए आशादीप बन सकते हैं। मानवता पर ही संसार की आधारशिला है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




# सुपर्णखा और शबरी में अंतर

(भाग 2)

इसका तात्पर्य है कि मायारूपी शूर्पणखा दुःख का कारण बनती है और भक्तिरूपा शबरी वह उपाय बताती है कि जिससे दुःखों को दूर करने वाली भक्ति की प्राप्ति होती है।

शूर्पणखा और शबरी में एक अंतर और भी है। शूर्पणखा उस लंकाधिपति रावण की बहन है जो शक्तिशाली है, विद्वान् है, तपस्वी है तथा जिसके जीवन में अनेकानेक विशेषताएँ और विलक्षणताएँ विद्यमान दिखायी देती हैं। पर शबरी जी के बारे में ऐसी किसी विशेषता का उल्लेख नहीं मिलता। उनके पिता कौन थे, उनकी कौन सी जाति थी, तथा उनके संबंधी कौन थे, इसका भी वर्णन नहीं मिलता। यहाँ तक कि उनका नाम भी ठीक से ज्ञात नहीं है। जंगल में आभीर, जमन, किरात, खस व स्वपच आदि की तरह शबर नाम की भी एक जाति थी, इस नाते उन्हें 'शबरी' नाम प्राप्त हो गया। 'मानस' में यही कहा गया है कि

**जाति हीन अघ जन्म महि मुक्त**



**कीन्हि असि नारि।**

शबरीजी के जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं है, व्यक्ति जिसका गौरवपूर्वक उल्लेख करना चाहता है। प्रभु जनकनंदिनी सीता तथा लक्ष्मणजी के साथ चित्रकूट में आनंदपूर्वक निवास कर रहे थे। यदि चाहते तो वनवास की पूरी अवधि चित्रकूट में ही रहकर आनंदपूर्वक व्यतीत कर सकते थे। कैकेयी जी ने भी उन्हें वन में निवास करने के लिये ही कहा था, अतः किसी भी वन में प्रभु रह लेते तो उनकी आज्ञा का पालन हो जाता। पर प्रभु स्वयं चित्रकूट की प्रेम और आनंदमयी भूमि को छोड़कर आगे दण्डकारण्य की ओर प्रस्थान करने का निर्णय करते हैं। गोस्वामीजी ने प्रभु के चित्रकूट निवास की अवधि के आनंद का वर्णन मानस में किया है। गोस्वामीजी मानो जानते थे, कि लोगों के मन में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठ सकता है कि सीताजी राजमहल में पली बढ़ी थीं, जहाँ दिव्य कोमल शय्या आदि सुख-सुविधा के सभी साधन उपलब्ध थे, अतः वन में उन्हें बड़े कष्ट उठाने पड़े होंगे ? इसलिये गोस्वामीजी कहते हैं कि - **सिय मनु राम चरन अनुरागा।**

**अवध सहस सम बनु प्रिय लागा।**

चित्रकूट की यह भूमि सीताजी के लिये हजारों अयोध्या से भी अधिक सुख देने वाली थी। गोस्वामीजी यह भी कहते हैं कि

**सीय लखन जेहि बिधि सुखु लहहीं।**
**सोइ रघुनाथ करहिं सोइ कहहीं।।**

भगवान् प्रतिदिन यही प्रयास करते हैं कि जिससे श्रीसीताजी व लक्ष्मणजी को सुख मिले और वे प्रसन्न रहें। इस प्रकार जब ईश्वर ही निरन्तर सुख देने के लिये व्यग्र हो जाय, तो फिर उस सुख और आनंद का कौन वर्णन कर सकता है ? गोस्वामीजी ने चित्रकूट की बड़ी प्रशंसा की है। किसी ने उनसे पूछ दिया कि आप चित्रकूट की इतनी प्रशंसा क्यों करते हैं ? उसमें ऐसी क्या विशेषता है ? गोस्वामीजी ने कहा कि

क्यों कहौं चित्रकूट गिरि, संपत्ति,
महिमामोदमनोहरताई।
तुलसी जहँ बसि लखन राम सिय
आनँद-अवधि अवध बिसरा।।

(क्रमशः)




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# भंडारदरा में छुपा है जन्नत का नजारा

भंडारदरा भारत के महाराष्ट्र में एक छोटा सा गांव है। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, खासकर मानसून के मौसम में। जब बारिश होती है, तो गांव और भी खूबसूरत हो जाता है। मानसून के दौरान कई लोग हरी-भरी पहाड़ियां, झरने और झीलें देखने के लिए भंडारदरा आते हैं।



### वहां कैसे पहुंचें


भंडारदरा मुंबई से लगभग 165 किलोमीटर दूर है। आप कार या बस से यात्रा कर सकते हैं। ड्राइव में लगभग 4 घंटे लगते हैं। सड़कें अच्छी हैं, लेकिन बारिश में वे फिसलन भरी हो सकती हैं। सावधानी से गाड़ी चलाना ज़रूरी है। अगर आपके पास कार नहीं है, तो आप मुंबई से इगतपुरी के लिए बस ले सकते हैं और फिर भंडारदरा के लिए टैक्सी किराए पर ले सकते हैं।



### विल्सन डैम

विल्सन डैम प्रवर नदी पर बना है। यह भारत के सबसे पुराने बांधों में से एक है। मानसून के दौरान, बांध ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे एक सुंदर दृश्य बनता है। आप बांध पर चल सकते हैं और ठंडी हवा और बहते पानी की आवाज़ का आनंद ले सकते हैं।

### आर्थर झील



आर्थर झील पहाड़ियों से घिरी एक खूबसूरत झील है। मानसून में झील बहुत सुंदर लगती है क्योंकि पहाड़ियाँ हरी और ताज़ा हो जाती हैं। आप झील पर नाव की सवारी कर सकते हैं या किनारे पर बैठकर नज़ारे का आनंद ले सकते हैं।

### रांधा जलप्रपात

रांधा जलप्रपात भंडारदरा के पास एक बड़ा झरना है। मानसून के दौरान, झरना भरा हुआ और बहुत शक्तिशाली होता है। बहुत ऊँचाई से गिरते पानी का दृश्य और ध्वनि अद्भुत है। झरने पर जाते समय सावधान रहें, क्योंकि चट्टानें फिसलन भरी हो सकती हैं।





### माउंट कलसुबाई

माउंट कलसुबाई महाराष्ट्र की सबसे ऊंची चोटी है। बहुत से लोग पहाड़ की चोटी पर चढ़ना पसंद करते हैं। यह ट्रेक बहुत मुश्किल नहीं है, लेकिन बारिश में यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऊपर से नज़ारा देखने लायक होता है। आप पूरे भंडारदरा क्षेत्र और आसपास की पहाड़ियों को देख सकते हैं।

### भोजन

भंडारदरा में कई छोटे-छोटे रेस्टोरेंट और ढाबे (सड़क किनारे खाने की जगहें) हैं। आप वड़ा पाव, मिसल पाव और भाकरी जैसे स्थानीय महाराष्ट्रीयन भोजन का आनंद ले सकते हैं। मानसून के दौरान, गर्म चाय और पकौड़े (तले हुए स्नैक्स) बहुत लोकप्रिय हैं। स्थानीय खास व्यंजनों को आज़माना सुनिश्चित करें और घूमने के बाद गर्म भोजन का आनंद लें।

### कहां ठहरें

भंडारदरा में ठहरने के लिए कई जगहें हैं। आपको होटल, रिसॉर्ट और गेस्टहाउस मिल सकते हैं। कुछ लोग झील के पास कैंप करना भी पसंद करते हैं। अगर आप कैंप करने की योजना बना रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप एक अच्छा टेंट और कैंपिंग का दूसरा सामान साथ लेकर जाएं। अपने ठहरने की जगह पहले से बुक करना भी एक अच्छा विचार है, खासकर मानसून के मौसम में जब कई पर्यटक आते हैं।

# पुरानी किताबों का करें मजेदार इस्तेमाल



पुरानी किताबें सिर्फ़ पढ़ने के लिए नहीं होतीं! उन्हें अनोखे बुक कवर, स्टाइलिश आर्ट और यहां तक कि क्रिएटिव नोटपैड जैसी शानदार और उपयोगी चीज़ों में बदला जा सकता है। इमैजिनेशन के साथ, आप उन पुराने पन्नों को रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए मज़ेदार और व्यावहारिक चीज़ों में बदल सकते हैं!

**डेकोरेटिव बुक कवर**

नई पुस्तकों या नोटबुक के लिए स्टाइलिश और अनोखे कवर बनाने के लिए पुरानी पुस्तक कवर का उपयोग करें। बस कवर को आकार में काटें और इसे अपनी नई पुस्तक के चारों ओर लपेटें। आप इसे विशेष रूप देने के लिए रिबन या सजावटी वस्तुएं जोड़ सकते हैं।

**बुक आर्ट**

पुरानी पुस्तक के पन्नों को सुंदर कलाकृतियों में बदलें। आप दिलचस्प पन्नों को फ्रेम कर सकते हैं या कोलाज बना सकते हैं। अपने घर को सजाने के लिए पन्नों से कागज़ के फूल या मजेदार कट-आउट डिज़ाइन बनाने का प्रयास करें।

**कस्टमाइज़्ड नोटपैड**

पुरानी पुस्तक के पन्नों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और उन्हें नोटपैड बनाने के लिए एक साथ चिपकाएं। एक अद्वितीय और पर्यावरण के अनुकूल नोटपैड बनाने के लिए पन्नों को एक साधारण कवर से बांधें।

**गिफ्ट को रैप और टैग करने के लिए**

उपहार के लिए रैपिंग पेपर के रूप में पुरानी पुस्तकों के पन्नों का इस्तेमाल किया जा सकता है। विंटेज लुक आकर्षित लगने के साथ कैरेक्टर को भी एड करता है। पेज को शेप में काटें और उन्हें गिफ्ट टैग के रूप में इस्तेमाल करें। पर्सनल टच के लिए एक रिबन एड करें।

**बुक शेल्फ़ और ऑर्गनाइज़र**

पुरानी किताबों को एक साथ रखकर सजावटी बुकएंड या छोटी शेल्फ़ बनाएं, जहां आप सामान व्यवस्थित कर सकें। अपने कमरे में एक दिलचस्प डिस्प्ले बनाने के लिए उन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर व्यवस्थित करें।

**रेसिपी या क्राफ्ट जर्नल**

रेसिपी या क्राफ्ट जर्नल बनाने के लिए पुरानी किताबों के पन्नों का इस्तेमाल करें। अपनी पसंदीदा रेसिपी या क्राफ्ट आइडिया चिपकाएं। सब कुछ व्यवस्थित रखने के लिए टैब या सेक्शन जोड़ें।

**बुकमार्क बनाना**

बुकमार्क बनाने के लिए पुरानी किताबों के पन्नों को स्ट्रिप्स में काटें। आप उन्हें ज़्यादा टिकाऊ बनाने के लिए लैमिनेट कर सकते हैं। उन्हें ज़्यादा पर्सनल बनाने के लिए स्टिकर या ड्रॉइंग से सजाएं।

# कपड़ों पर लगे चाय के दाग अब होंगे बेदाग

चाय के दाग कपड़ों पर लग जाना अक्सर एक सिरदर्द बन जाता है। लेकिन घबराइए मत! ये आसान और मजेदार नुस्खे आपके कपड़ों से चाय के दाग को बिना किसी झंझट के साफ कर देंगे। दूध, बेकिंग सोडा, और यहां तक कि टूथपेस्ट का इस्तेमाल करके, आप अपने कपड़े को फिर से चमकदार और दाग-रहित बना सकते हैं। अपने किचन के जादू से चाय के दाग को अलविदा कहें और कपड़ों को नया जीवन दें!



### सिरका और पानी

- एक कटोरी में आधा कप सफेद सिरका और आधा कप पानी मिलाएं।
- एक साफ कपड़े को इस मिश्रण में डुबोएं और दाग पर हल्के हाथों से रगड़ें।
- कुछ मिनटों के बाद कपड़े को ठंडे पानी से धो लें। दाग हल्का हो जाएगा।

### बेकिंग सोडा

- दाग पर थोड़ा सा बेकिंग सोडा छिड़कें।
- एक नम कपड़े या स्पंज से हल्के हाथों से रगड़ें।
- बेकिंग सोडा दाग को सोख लेगा और कपड़े को साफ करेगा। फिर कपड़े को ठंडे पानी से धो लें।

### नींबू का रस

- नींबू का रस सीधे दाग पर लगाएं।
- कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें ताकि दाग ढीला हो जाए।
- फिर ठंडे पानी से धो लें। नींबू का रस दाग को हल्का करने में मदद करता है।

### दूध का उपयोग

- एक कटोरी में थोड़ा सा दूध गर्म करें।
- दाग वाले हिस्से को दूध में डुबोएं और कुछ समय के लिए छोड़ दें।
- दूध दाग को ढीला कर देगा। इसके बाद, कपड़े को ठंडे पानी से धो लें।

### टूथपेस्ट

- सफेद टूथपेस्ट को दाग पर लगाएं।
- ब्रश या अंगुली से हल्के हाथों से रगड़ें।
- कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। टूथपेस्ट दाग को साफ करने में मदद करता है।

# भिंडी पकौड़ा रेसिपी

भिंडी पकौड़ा भिंडी से बना एक स्वादिष्ट और कुरकुरा नाश्ता है। यह चाय के समय या साइड डिश के रूप में एकदम सही है। इस आसान रेसिपी में बेसन और मसालों जैसी सरल सामग्री का उपयोग करके स्वादिष्ट पकौड़े बनाए जाते हैं। भिंडी के स्वादिष्ट पकौड़े बनाने के लिए नीचे दी गई विधी जरूर पढ़ें-

### सामग्री

- 250 ग्राम भिंडी (भिंडी)
- 1 कप बेसन
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच जीरा
- स्वादानुसार नमक
- एक चुटकी हींग
- 1 बड़ा चम्मच चावल का आटा (वैकल्पिक, अतिरिक्त कुरकुरापन के लिए)
- पानी (आवश्यकतानुसार)
- डीप फ्राई करने के लिए तेल



### निर्देश

- भिंडी को धोकर तैयार करें
- उन्हें साफ कपड़े या किचन टॉवल से पोंछकर सुखा लें। सुनिश्चित करें कि भिंडी पर पानी न बचा हो।
- प्रत्येक भिंडी के ऊपर और नीचे के सिरे काट लें।
- भिंडी को लंबाई में पतली स्ट्रिप्स में काट लें।

### बैटर बनाएं

एक मिक्सिंग बाउल में 1 कप बेसन, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, 1/2 चम्मच जीरा और स्वादानुसार नमक डालें। अगर आप ज़्यादा कुरकुरे पकौड़े चाहते हैं, तो 1 बड़ा चम्मच चावल का आटा डालें। एक चुटकी हींग डालें। सभी सूखी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएँ। सूखे मिश्रण में धीरे-धीरे पानी डालें। गांठों से बचने के लिए लगातार हिलाते रहें। बैटर इतना गाढ़ा होना चाहिए कि भिंडी की पट्टियों पर लग जाए। अगर बैटर बहुत पतला है, तो पकौड़े कुरकुरे नहीं बनेंगे।

### भिंडी को कोट करें

भिंडी की कटी हुई पट्टियों को बैटर में डालें। अच्छी तरह मिलाएँ ताकि हर पट्टी बैटर में समान रूप से लग जाए।

### तेल गरम करें

एक गहरे फ्राइंग पैन या कढ़ाई में डीप फ्राई करने के लिए पर्याप्त तेल गरम करें। यह जांचने के लिए कि तेल पर्याप्त गरम है या नहीं, बैटर की थोड़ी मात्रा तेल में डालें। अगर यह चटकने लगे और ऊपर आ जाए, तो तेल तैयार है।

### पकौड़े तलें

- घोल में लिपटे भिंडी के टुकड़ों को सावधानी से गरम तेल में डालें।
- पैन में बहुत ज़्यादा मात्रा में पकौड़े न डालें। ज़रूरत पड़ने पर बैचों में तलें।
- भिंडी के पकौड़ों को मध्यम आँच पर सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक तलें।
- पकौड़ों को अतिरिक्त तेल सोखने के लिए उन्हें एक पेपर टॉवल पर रखें।

### परोसें

भिंडी के पकौड़ों को चटनी या केचप के साथ गरमागरम परोसें।

## राशिफल


प्रियंका जैन

**मेष**




सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं।

**वृष**




शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन**




विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे। सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं।

**कर्क**




शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं।

**सिंह**




यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

**कन्या**



दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

**तुला**



प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी। विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी।

**वृश्चिक**



लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**धनु**



कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह संबंधी प्रस्ताव आएँगे।

**मकर**



कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ**



बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे। कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं। सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें।

**मीन**



शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा। दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा।

# कुंडली के अनुसार जानिए सफल बिजनेसमैन बनने के योग

3. यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में दसवें भाव में मंगल उच्च राशि यानी मकर राशि में विराजमान हो तो ऐसा व्यक्ति को बिजनेस के साथ - साथ विदेश यात्रा में भी सफलता प्राप्त होती है।
4. जिस व्यक्ति की कुंडली में दसवें भाव में गुरू और सूर्य या चंद्रमा और गुरु हो तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग को वर्गोतम योग कहा जाता है। इस प्रकार के योग वाला व्यक्ति अपने जीवन में सभी प्रकार की सुख और सुविधाओं को प्राप्त करता है।
5. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सभी ग्रहों को सातंवी दृष्टि प्राप्त होती है। अगर जन्मकुंडली के दसवें भाव में ब्रहस्पति, सूर्य या मंगल की दृष्टि पड़ रही हो तो दसवें भाव को अत्याधिक बल प्राप्त होता है। जिससे उसे अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है।
6.यदि राहु किसी भी जातक की कुंडली में दसवें भाव में उच्च का यानी मिथुन राशि में बैठा हुआ हो या फिर दसवें भाव पर अपनी दृष्टि डालता है तो भी व्यक्ति एक सफल व्यवसायी बनता है। वैसे शनि, राहू और केतु अशुभ ग्रह माने जाते हैं। लेकिन जब शुभ योग में आने पर इनकी दृष्टि शुभ फल प्रदान करती है।
7. कुंडली के सातवें भाव से भी कर्म का निर्धारण किया जाता है। सातवें भाव को व्यापार और साझेदारी का भाव भी कहा जाता है।
8. अगर कुंडली के सातवें भाव में बुध विराजमान हो जाए तो व्यक्ति निश्चित ही एक सफल व्यवसायी बनेगा। जातक के दिमाग में बिजनेस को लेकर नए- नए आइडिया आते ही रहेंगे।
9. यदि कुंडली के सातवें भाव में बुध और शुक्र एक साथ बैठ जाए तो यह योग लक्ष्मी नारायण योग कहलाता है। ऐसा व्यक्ति बिजनेस से धन प्राप्त करता है और अपने जीवन की सभी सुख और सुविधाओं को प्राप्त करता है।
10.यदि कुंडली के सातवें भाव को कोई पाप ग्रह जैसे शनि, केतु, राहु या फिर मंगल भी देख ले तो व्यक्ति को अपने व्यापार में अत्याधिक उताप चढ़ाव का सामना करना पड़ता है।





प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

### अब राजस्थान के हर स्कूल की बनेगी प्रोफाइल, आदेश जारी

**जयपुर।** राजस्थान के प्रत्येक सरकारी स्कूल की शाला दर्पण पोर्टल पर प्रोफाइल तैयार की जाएगी। इस प्रोफाइल पर स्कूल संबंधित सभी प्रकार के डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर आशीष मोदी ने सभी सीडीइओ, डीइओ, सीबीइओ व संस्था प्रधानों को एक परिपत्र जारी कर निर्देशित किया है। परिपत्र में शाला दर्पण पोर्टल के डाटा के समुचित उपयोग करने के बाद विद्यालय प्रोफाइल के प्रत्येक भाग में लास्ट अपडेट डाटा आवश्यक रूप से अंकित करने को कहा गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार बेसिक प्रोफाइल के अन्तर्गत विद्यालय का नाम, भौगोलिक जानकारी, माध्यम, बोर्ड मान्यता क्रमांक, लोकसभा, विधानसभा, भौगोलिक सूचना, तृतीय भाषा, संचालित संकाय एवं विषय इत्यादि की सूचना अपलोड करनी होगी। सह शैक्षणिक गतिविधियों के तहत संस्था प्रधान, शाला दर्पण प्रभारी का विवरण सहित विद्यालय में संचालित एनसीसी, गाइड, स्काउट, बुलबुल, मीना मंच, यूथ एवं इको क्लब, बाल संसद के संचालन आदि की जानकारी दर्ज करनी होगी। क्रमोन्नति संबंधित जानकारी में क्रमोन्नति का वर्ष, क्रमोन्नति क्रमांक एवं क्रमोन्नति का माध्यम आदि की जानकारी अपलोड की जाएगी। विद्यालय के पास या अन्य विद्यालयों का विवरण और उसकी दूरी आदि का विवरण भी दर्ज करना होगा।

### सदन में फिर गूंजा कम दूरी पर दो टोल का मुद्दा

**जयपुर।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान गुरुवार को निर्धारित से कम दूरी पर दो टोल प्लाजा का मुद्दा फिर गूंजा। विधायक रामबिलास ने कहा कि लालसोट से सवाईमाधोपुर जाने वाले स्टेट हाईवे पर 28 किलोमीटर की दूरी में ही दो टोल हैं। एक टोल अवैध है। राज्य सरकार के नियमों के अनुसार दो टोल प्लाजा में 40 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी कहा कि अलवर-भरतपुर के बीच की दूरी 100 किलोमीटर ही है और चार टोल प्लाजा हैं। इस पर सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री मंजू बाघमार कहा कि लालसोट-सवाईमाधोपुर स्टेट हाईवे पर सड़क विकास अधिनियम 2002 के तहत टोल प्लाजा से टोल संग्रहण किया जा रहा है। राजस्थान राज्य राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण एवं संग्रहण) नियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 40 किलोमीटर होनी चाहिए। सड़क विकास अधिनियम 2002 में टोल प्लाजा की दूरी के लिए कोई प्रावधान नहीं था।

# काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा में सेंध

### वर्दी पहनकर दर्शन करने पहुंचे फर्जी दरोगा को पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** वाराणसी के प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शनिवार सुबह दर्शन पूजन करने पहुंचे वर्दी पहने फर्जी दरोगा को पुलिस ने पकड़ लिया। उसे चौक थाने लाया गया। जिसके बाद डीसीपी काशी गौरव बांसवाल ने संदिग्ध से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध ने अपना नाम अभय सिंह बताया है और वह जालौन का निवासी है। जानकारी के मुताबिक काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे संदिग्ध की गतिविधियां देखकर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को उसे पर संदेह हुआ। पूछताछ करने पर वह इधर-उधर की बातें करने लगा। जिसके बाद उसे पकड़कर थाने लाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसकी पोल खुल गई। युवक ने बताया कि वह उसका नाम अभय सिंह है और वह यूपी के जालौन जिले का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक उसे वर्दी पहनने का जूनून था। जिसके चलते वह वर्दी पहनकर कई अन्य मंदिरों में दर्शन करने घुस जाता था। पूछताछ में पता चला कि वह मानसिक रूप से बीमार है। जिसका इलाज चल रहा है।

### ट्रैफिक सिपाही को तमाचा मार कर भागे दो आरोपी गिरफ्तार



उधर लखनऊ में ट्रैफिक डायवर्जन ड्यूटी में लगे सिपाही को तमाचा जड़ कर भागे दो आरोपियों को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को सिपाही ने मुकदमा दर्ज कराया था। ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात जितेंद्र की ड्यूटी गुरुवार को कबीरपुर के पास डायवर्जन के लिए लगी थी। उनके साथ टीएसआई शावक सिंह और सिपाही देशराज यादव भी थे। ड्यूटी के दौरान बाइक सवार दीपू गौतम और अंकित पीछे से आए। जिन्होंने जितेंद्र के तमाचा जड़ दिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज करते हुए सीसी फुटेज की मदद से दीपू गौतम और अंकित को गिरफ्तार किया गया है।

# कार ने स्कूटी सवार मां-बेटी को मारी जोरदार टक्कर, महिला की मौत

**कानपुर।** यूपी के कानपुर से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी पर सवार मां-बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक में 2 युवक और 2 लड़कियां थीं। चारों ही नाबालिग थीं। वहीं, इस दर्दनाक हादसा एक सीसीटीवी में कैद हो गया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक ये घटना किदवई नगर क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर चार स्टूटेंड्स जिसमें से 2 लड़के और 2 लड़कियां स्कूल बंक मारकर कार से चारों घूमने निकल गए। नाबालिग बिना लाइसेंस की ही गाड़ी चला रहे थे। साकेत नगर टेलीफोन एक्सचेंज के पास कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इससे स्कूटी पर सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने आनन-





फानन में दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि युवती की हालत गंभीर है। उसके कूल्हे की हड्डी टूट गई।

इस मामले में डीसीपी दक्षिण ने बताया कि थाना किदवईनगर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 2 अगस्त को कार सवार चालक के द्वारा एक स्कूटी में टक्कर मारी गई थी, सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। हालांकि दौरान उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई और एक बच्ची इलाजरत हे।

इस संबंध में परिवारीजनों द्वारा थाना हाजा पर दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। नाबालिग चालक को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पूछताछ कर नियमानुसार अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोमतीनगर में युवती से छेड़छाड़



**लखनऊ।** बारिश के दौरान युवती से छेड़छाड़ करने वाले मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तो दूर गोमतीनगर पुलिस अभी तक उसकी पहचान तक नहीं कर सकी है। हालांकि, हुड़दंग में शामिल चार आरापियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग है। साथ ही तीन अन्य युवकों को हिरासत में लिया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को फुटेज व फोटो की मदद से बाजारखाला पुलिस ने हुड़दंग में शामिल संत सुदर्शनपुरी कॉलोनी निवासी नगर निगम में कार्यरत संविदाकर्मी आकाश और 15 साल के एक किशोर को गिरफ्तार किया है। दोनों को गोमतीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आकाश के पास से एक स्कूटी भी बरामद की है।

### 250 सीसीटीवी और कई सोशल मीडिया खंगाले

मरीन ड्राइव पुल के पास हुए हुड़दंग में शासन के सख्त होने पर पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने का काम शुरू किया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस की कई टीमों ने 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई सोशल मीडिया अकाउंट देखे गए। इनकी मदद से हुड़दंग में शामिल आरोपियों की पहचान की गई। अब तक 20 युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कुछ हिरासत में हैं। वीडियो और तस्वीरें सभी थानों को भेजकर अन्य हुड़दंगियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### 943 बोतल नेपाली शराब बरामद

**किशनपुर।** किशनपुर पुलिस ने शनिवार की सुबह एक कार सहित 282 लीटर शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने बताया कि सूचना मिली कि एक कार में एनएच के रास्ते शराब की खेप अररिया की तरफ जाने वाली है। सूचना के आलोक में सत्यापन के लिए गश्ती दल के साथ आसनपुर टोल प्लाजा के समीप पहुंचकर वाहन चेकिंग करने लगे। इस क्रम में देखा कि एक हुंडई कार में दो लोग बैठा हुआ था। जैसे ही कार को रोकने का इशारा किया गया तो कार में बैठे दोनों लोग भागने लगे।

# यूपी में आईएएस अफसरों के तबादले

### विनोद कुमार अलीगढ़ के नगर आयुक्त बने

एजेंसी | लखनऊ

यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। 2018 बैच के आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात थे। वह 2016 बैच के अफसर हैं।

### नौ डिप्टी एसपी के हुए तबादले




इसके पहले डीजीपी मुख्यालय ने नौ डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया। रेलवे, वाराणसी में तैनात श्यामजीत प्रमिला सिंह को प्रयागराज कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। जबकि बस्ती में तैनात कुंवर प्रभात सिंह को वाराणसी रेलवे भेजा गया है। संतोष कुमार सिंह को मैनपुरी से बस्ती भेजा गया है। आगरा एलआईयू में तैनात सत्यप्रकाश शर्मा को मैनपुरी भेजा गया है। प्रदीप कुमार को पीएसी, बरेली से बस्ती भेजा गया है। इसी तरह अनिल कुमार तृतीय को अलीगढ पीएसी से गाजीपुर भेजा गया है। संजीव कुमार को शामली से बदायूं और श्रीयश त्रिपाठी को हमीरपुर से अयोध्या भेजा गया है। एलआईयू, अलीगढ़ में तैनात प्रभात कुमार तिवारी को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय भेजा गया है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नाखुश हैं तेजस्वी, चिराग और पप्पू यादव

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही अनुसूचित जाति(SC) को मिलने वाले आरक्षण में भी कोटे को मंजूरी दे दी है। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने बहुमत से इसपर फैसला दिया और कहा कि राज्यों को एससी कैटेगरी में भी सब-कैटेगरी करने की अनुमति दी जा सकती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बिहार की भी सियासत गरमायी हुई है। तेजस्वी यादव, चिराग पासवान व सांसद पप्पू यादव भी अब इसके विरोध में उतरे हैं।



### पप्पू यादव ने अध्यादेश लाने की मांग की

एससी कोटे में सब-कैटेगरी को हरी झंडी देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई नेता नाखुश हैं। पूर्णिया से निर्दलीय जीतकर सांसद बने पप्पू यादव ने इस फैसले से एतराज जताते हुए कहा कि इस फैसले पर चर्चा करने की जरूरत है। जज के आदेश पर समीक्षा होनी चाहिए।




# BOI का मुनाफा 10% बढ़कर 1,702 करोड़

### अप्रैल-जून तिमाही में आय 15% बढ़कर 18,240 करोड़ रही ब्याज आय भी 6% बढ़ी

**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया यानी BOI का अप्रैल-जून तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 10% बढ़कर 1,702 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,551 करोड़ रहा था। वहीं तिमाही आधार पर भी बैंक का नेट प्रॉफिट 18.27% बढ़ा है। पिछली तिमाही (Q4 FY24) में बैंक का मुनाफा 1,439 करोड़ रुपए रहा था। BOI ने शनिवार (3 अगस्त) को Q1FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




### बैंक की टोटल इनकम 15.28% बढ़ी

वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 15 .28% बढ़कर 18,240 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 15,821 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 1.82% बढ़ी है। जून तिमाही में BOI की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना (YoY) आधार पर 6% बढ़कर 6,275 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 5,915 करोड़ रुपए रही थी।

### वापस नहीं मिली राशि NPA हो जाती है

बैंक जो लोन या एडवांस देता है, अगर वह समय पर वापस नहीं मिला, उस राशि को बैंक NPA या नॉन-परफॉर्मिंग एसेट घोषित कर देता है। सामान्य तौर पर 90 दिनों तक रिटर्न नहीं मिलने की स्थिति में लोन या एडवांस अमाउंट को बैंक NPA की लिस्ट में डाल देता है।

# कृषि भारत में विकास रणनीति का केंद्र बिंदु : नीति आयोग सदस्य



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शनिवार को कहा कि भारत में कृषि विकास रणनीति का प्रमुख केंद्र बिंदु रहा है। भारत ने वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक सात वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में पांच प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर हासिल की। कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) को संबोधित करते हुए चंद ने कहा कि विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया में कृषि जीडीपी में सबसे अधिक वृद्धि दर हासिल की है। उन्होंने कहा, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का हिस्सा वर्ष 2006 में 3.2 प्रतिशत से बढ़कर हाल के वर्षों में 4.3 प्रतिशत हो गया है। चंद ने कहा, पिछले 15 वर्षों में कृषि वृद्धि ने कई देशों को आर्थिक पतन से बचाया है। कृषि से श्रम शक्ति को बाहर निकालने में उद्योग के खराब प्रयासों के कारण, बड़े कार्यबल के लिए लाभकारी रोजगार का दायित्व अभी भी कृषि पर बना हुआ है। उनके अनुसार, कृषि में हाल की उपलब्धियां और अवसर भारत और विश्व के भविष्य के विकास में कृषि की और भी बड़ी भूमिका की ओर इशारा कर रहे हैं। चंद ने कहा कि इन चुनौतियों के कारण आर्थिक और मानव विकास में कृषि की भूमिका को नए सिरे से समझना तथा सभी स्तरों पर कृषि पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना जरूरी हो गया है।

# SBI का पहली तिमाही में मुनाफा 1% बढ़कर 17,035 करोड़

### आय 13.55% बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रही, ब्याज आय भी 5.71% बढ़ी

**मुंबई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानी SBI का अप्रैल-जून तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 1% बढ़कर 17,035.16 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 16,884 करोड़ रहा था। वहीं तिमाही आधार पर भी बैंक का नेट प्रॉफिट 17.69% गिरा है। पिछली तिमाही (Q4 FY24) में बैंक का मुनाफा 20,698 करोड़ रुपए रहा था। SBI ने शनिवार (3 अगस्त) को Q1FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




### बैंक की टोटल इनकम 13.55% बढ़ी

वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 13 .55% बढ़कर 1,22,687 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 1,08,038 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 4 .45% घटी है।

जून तिमाही में SBI की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना (YoY) आधार पर 5 .71% बढ़कर 41,125 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 38,905 करोड़ रुपए रही थी।

# यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस का IPO 6 अगस्त को होगा ओपन

### 8 अगस्त तक बिडिंग कर सकेंगे निवेशक, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,904

मुंबई। यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 6 अगस्त को ओपन होगा। निवेशक 8 अगस्त तक इस IPO के लिए बिडिंग कर सकेंगे। 9 अगस्त को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 276.57 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 276.57 करोड़ के 25,608,512 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेच रहे हैं।




### मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं?

यूनिकॉमर्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 102-108 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 138 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 108 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,904 इन्वेस्ट करने होंगे।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

### सोना 2,261 रुपए बढ़कर फिर 70 हजार रुपए के पार निकला    चांदी 2,230 रुपए महंगी हुई

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 27 जुलाई को सोना 68,131 रुपए पर था, जो अब (3 अगस्त) को 70,392 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 2,261 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 81,271 रुपए पर थी, जो अब 83,501 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। वहीं इस हफ्ते इसकी कीमत 2,230 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



भाकर 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के फाइनल में कांसे के मुकाबले में शूट ऑफ में हंगरी की खिलाड़ी से हारीं

# मनु पदकों की हैट्रिक से चूकीं पर दिल जीता

▸▸ 2 पदक एक ओलंपिक में जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनीं

▸▸ 3 स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय निशानेबाज



**एजेंसी । शेटराउ**

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने से चूक गईं। वह शनिवार को 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के मुकाबले में हंगरी की वेरोनिका मेजर से शूटऑफ में हार गईं। बावजूद इसके हरियाणा की 22 वर्षीय मनु ने पेरिस में देश का खूब मान बढ़ाया। अपने पिस्टल से दो पदक जीतकर सबका मह मोह लिया। दूसरी बार खेलों के महाकुंभ में खेलने वाली मनु ने दस मीटर पिस्टल स्पर्धा के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीते। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनीं।

### तीन निशाने ही लगा पाईं

आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया। कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं। मनु पांच-पांच निशानों की 10 सीरीज के फाइनल में शुरुआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ वेरोनिका के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। इसके बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी। मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले मनु शुक्रवार को प्रिसिजन में 294 और रैपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

### मैं नर्वस थी : भाकर

मनु ने कहा, मैं वास्तव में नर्वस थी लेकिन मैंने शांत चित्त रहकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। यह ओलंपिक खेल मेरे लिए बहुत अच्छे साबित हुए लेकिन नजर हमेशा अगले वाले खेलों पर रहती है। मेरी निगाहें अभी से अगले ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन करने पर लगी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने दो पदक जीते लेकिन इस स्पर्धा में मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। चौथा स्थान हासिल करना बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं होता है। इमानदारी से कहूं तो मैं सोशल मीडिया से दूर हूं। मैंने अपना फोन तक चेक नहीं किया। मैं नहीं जानती कि दुनिया में क्या हो रहा है लेकिन मैं इतना जानती थी कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। अधिकतर स्पर्धाओं में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इसमे अच्छा खेल नहीं दिखा सकी। जैसे ही मैंने अपना खेल खत्म किया तो तुरंत ही सोचा इस बार ना सही अगली बार। मैंने और मेरी टीम ने कड़ी मेहनत की ताकि मैं पोडियम तक पहुंच सकूं और भारत पदक जीत सके। इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मेरी टीम पूरी यात्रा के दौरान मेरे साथ रही।

### छठे नंबर से की वापसी

मनु की शानदार लय को देखते हुए, उनके पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीदें बहुत अधिक थीं। फाइनल की शुरुआत में छठे स्थान पर खिसकने के बाद भी वह वापसी करने में सफल रही। उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। वह शुरुआती सीरीज में पांच में से तीन निशाना चूक गईं। इसके बाद दो सीरीज में चार-चार निशाने के साथ उन्होंने वापसी की। चौथी सीरीज से एलिमिनेशन चरण शुरू हुआ।

### चौथी निशानेबाज

मनु ओलंपिक में पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहने वाली चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले जयदीप करमाकर (50 मीटर राइफल प्रोन, 2012 लंदन), अभिनव बिंद्रा (10 मीटर एयर राइफल, 2016 रियो) और अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल, 2024) मामूली अंतर से पदक से दूर रह गए थे।

### यांग ने जीता स्वर्ण

मनु सातवें चरण (एलिमिनेशन का चौथा चरण) में कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर पहुंची। दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने तुरंत आठवें दौर में शीर्ष स्थान पर वापसी की। दूसरे स्थान पर काबिज मनु पांच में से तीन निशाना लगाने के बाद वेरोनिका के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गईं। वह शूटऑफ में अपनी लय जारी नहीं रख सकी और करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं। इस स्पर्धा का स्वर्ण यांग और रजत फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली ने जीता। दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 37-37 अंक की बराबरी पर थे लेकिन शूटऑफ में यांग ने स्थानीय निशानेबाज को पछाड़ दिया।

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन और जॉन पीयर्स ने पुरुष युगल खिताब जीता

**एजेंसी । पेरिस**



मैथ्यू एबडेन और जॉन पीयर्स ने पुरुष युगल फाइनल में शनिवार को यहां ऑस्टिन क्रेजिसेक और राजीव राम की अमेरिका की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक खेलों के इतिहास में टेनिस का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। एबडेन और पीयर्स ने फाइनल में क्रेजिसेक और राजीव की जोड़ी को 6-7, 7-6, 10-8 से शिकस्त दी। ओलंपिक के युगल मुकाबलों में दो सेट के बाद मुकाबला बराबर रहने पर तीसरे सेट की जगह 10 अंक का टाईब्रेकर होता है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले 1996 में अटलांटा ओलंपिक में टोड वुडब्रिज और मार्क वुडफोर्ड की जोड़ी ने पुरुष युगल में ही स्वर्ण पदक दिलाया था।

## अनंतजीत सिंह नरूका पुरुष स्कीट क्वालीफिकेशन में 24वें स्थान पर रहे

**एजेंसी । पेरिस**



भारतीय निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका शनिवार को यहां क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। शनिवार को पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

भारत को स्पिनरों और धीमी पिच से पार पाने का तरीका ढूंढना होगा

# श्रीलंका के खिलाफ दूसरा वनडे आज

**एजेंसी । कोलंबो**

भारत को अगर श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाए रखना है तो उसे रविवार को होने वाले दूसरे वनडे में स्पिनरों और धीमी पिच से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। पहले मैच में 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय तीन विकेट पर 130 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनर हावी हो गए और भारतीय टीम 230 रन पर आउट हो गई जिससे यह मैच टाई रहा।

### ऋषभ पंत या रियान पराग को मौका

भारत बल्लेबाजी में एक बदलाव करके ऋषभ पंत या रियान पराग को मौका दे सकता है जिनका स्पिनर के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। यह दोनों बल्लेबाज अपरंपरागत शॉट खेल कर उनकी लय बिगाड़ सकते हैं। वेलालागे ने सुंदर और अक्षर पटेल के खिलाफ स्कूप और रिवर्स स्वीप का अच्छा इस्तेमाल किया। पराग स्पिनर की भूमिका भी निभा सकते हैं लेकिन यह देखना होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन एक मैच के बाद टीम में बदलाव करता है या नहीं क्योंकि हाल के दिनों में उसकी ऐसी रणनीति नहीं रही है।



**आमने-सामने**

कुल मैच : 169
भारत जीता : 99
श्रीलंका जीता : 57
बेनतीजा : 11
टाई : 2

### श्रीलंका के स्पिनरों ने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से किया अमल

रोहित ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनरों ने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। भारत ने उनका सामना करने के लिए कोहली, केएल राहुल और श्रेयस को उतारा जिन्हें स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ काफी सफलता मिली है। इन तीनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन वे स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी नहीं कर पाए। कोहली पर बाएं हाथ के स्पिनर डेनिथ और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने लगाम कसे रखी। पिच काफी धीमा खेल रही थी और ऐसे में स्पिनर का सामना करना आसान नहीं था। भारतीय बल्लेबाजों को साझेदारी निभाने की जरूरत थी लेकिन वह इसमें नाकाम रहे। वहीं श्रीलंका के पाथुम निसांका और वेलालेज ने दूसरे छोर पर विकेटों की झड़ी के बावजूद अर्धशतक जमा कर दिखाया कि इस तरह के विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर का प्रभावी ढंग से सामना किया। गिल सहित भारत के चार स्पिनरों ने 30 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट लिए जबकि श्रीलंका की तरफ से स्पिन गेंदबाजों 37.5 ओवर किए और 167 रन देकर नौ विकेट लिए। भारतीय स्पिनरों को रन रोकने के साथ ही विकेट हासिल करने पर भी ध्यान देना होगा।

## भारतीय हॉकी टीम के सामने होगी ग्रेट ब्रिटेन की चुनौती

क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल हुआ जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने अभी तक उम्दा खेल दिखाया। पूल मैच में बेल्जियम के खिलाफ मैच गंवा के अलावा अभी तक कोई भी मैच नहीं हारी है। अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के अलावा भारत ने तीन मैच जीते हैं। भारत ने न्यूजीलैंड, आयरलैंड और मजबूत ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई है। भारत क्वार्टर फाइनल में दो मैच खेलेगा। हॉकी सभी पूल मैच खत्म होने के बाद क्वार्टर फाइनल के मैच खेले जाएंगे। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से मात दी। यह टीम इंडिया का आखिरी ग्रुप मैच था। ग्रुप की चुनौती अब खत्म हो चुकी है। भारतीय हॉकी टीम की अब असल परीक्षा शुरू होने वाली है। रविवार से नॉकआउट की परीक्षा शुरू होगी।

### ग्रेट ब्रिटेन से होगा भारत का सामना



ग्रुप लीग खत्म होने के बाद भारत पूल-बी में दूसरे स्थान पर रहा था। बेल्जियम पहले स्थान पर रहा। अब क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना ग्रेट ब्रिटेन से होगा। क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रेट ब्रिटेन की बाधा पार करने के बाद भारतीय हॉकी टीम जर्मनी और अर्जेंटीना मैच की विजेता टीम से दूसरा मैच होगा। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## दीपिका क्वार्टर फाइनल में हारीं, फिर खाली हाथ लौटेंगे तीरंदाज

**एजेंसी । पेरिस**



भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की एकल रिकर्व स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार के साथ तीरंदाजी में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। इससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा। दीपिका ने दूसरी वरीय दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ 4-2 की बढ़त बना रखी थी लेकिन अंततः 4-6 (28-26, 25-28, 29-28, 27-29, 27-29) से हार झेलनी पड़ी। सुहियोन को दीपिका को हराने के लिए अंतिम दो सेट जीतने थे। कोरिया की तीरंदाज ने बेहद दबाव के बीच चार बार 10 और दो बार नौ अंक के साथ दोनों सेट और मुकाबला अपने नाम किया। दीपिका ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की सातवीं वरीय मिशेल क्रोपेन को 6-4 (27-24, 27-27, 26-25, 27-27) से शिकस्त दी।



# बॉलीवुड पर फिर भड़के अनुराग कश्यप

निर्देशक अनुराग कश्यप अपनी मुखरता के लिए जाने जाते हैं। मुद्दा चाहे बॉलीवुड से जुड़ा हो या बॉलीवुड से बाहर का, वह खुलकर अपने विचार रखते हैं। अनुराग बॉलीवुड इंडस्ट्री और सितारों पर कई बार निशाना साध चुके हैं। अब एक बार फिर उन्होंने बॉलीवुड को आड़े हाथ लिया और साउथ यानी दक्षिण भारतीय सिनेमा की तारीफ में कसीदे पढ़े। अनुराग को साउथ को बॉलीवुड से बेहतर बताया।

### अनुराग ने की साउथ की तारीफ और बॉलीवुड की खिंचाई

अनुराग ने द हिंदू से बातचीत में कहा, ₹बॉलीवुड अक्सर असली कहानी के बजाय स्टार पावर पर निर्भर रहता है। यही वजह है कि साउथ की फिल्में बॉलीवुड से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।₹ उन्होंने फहाद फासिल की फिल्म 'आवेशम' की तारीफ में कहा, ₹इस फिल्म के निर्माताओं ने मुख्य भूमिकाओं में 3 इन्फ्लुएंसर्स को कास्ट करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई और अगर यही फिल्म बॉलीवुड में बन रही होती तो इसमें भी सारे स्टार्स भर दिए जाते।

### अनुराग ने की '12वीं फेल' और 'लापता लेडीज' की तारीफ

अनुराग ने बॉलीवुड के बार-बार एक ही फॉर्मूला अपनाने की आलोचना भी की। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब बॉलीवुड नया और ओरिजिनल कंटेंट पेश करता है, तो शानदार फिल्में बनती हैं। उन्होंने '12वीं फेल' और 'लापता लेडीज' जैसी फिल्मों की तारीफ की और कहा, ₹ये फिल्में तभी सफल होती हैं जब कुछ नया पेश किया जाता है।₹ वैसे 12वीं फेल और 'लापता लेडीज' दोनों ही छोटे बजट की फिल्में हैं और दोनों पर ही दर्शकों ने खूब प्यार बरसाया है।

### मलयालम फिल्मों के मुरीद हुए अनुराग

अनुराग ने मलयालम फिल्मों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, आजकल मैं हिंदी फिल्मों से कहीं ज्यादा मलयालम फिल्में देखता हूं, क्योंकि वो मुझे ज्यादा उत्साहित करती हैं। मलयालम सिनेमा में असल कहानियां दिखाई जाती हैं। वो सिनेमा बनाने में जोखिम उठाने से कतराते नहीं है और ना ही मार्केट के पीछे भाग रहे हैं। पिछले दिनों अनुराग ने बॉलीवुड पर कहा था, यहां बजट का एक बड़ा हिस्सा फिल्म के प्रचार-प्रसार और टीम के खर्चों पर चला जाता है।

# सना मकबूल को मिला 'बिग बॉस OTT 3' का खिताब



'बिग बॉस OTT' के 2 सफल सीजन के बाद इसका तीसरा सीजन भी अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। इस बार शो को अनिल कपूर ने होस्ट किया। उनकी मेजबानी कुछ को पसंद आई तो कुछ ने उन्हें साफ नकार दिया। बहरहाल, शो का विजेता कौन होगा, पिछले काफी समय से इसे लेकर कयास लगाए जा रहे थे। अब आखिरकार शो के तीसरे सीजन को अपना विजेता मिल गया है। सना मकबूल ने ट्रॉफी अपने नाम कर दी है।

### सना को मिले सबसे ज्यादा वोट

इस सीजन में सबसे ज्यादा वोट हासिल करके सना विजेता बनी हैं। ट्रॉफी के साथ उन्हें 25 लाख रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं। ट्रॉफी जीतकर सना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नेजी ने उनके साथ टॉप 2 में जगह बनाई थी। हालांकि, सना ने गेम में उन्हें पछाड़ अपनी जीत दर्ज कराई। लव कटारिया और अरमान मलिक के डबल एलिमिनेशन के बाद रणवीर शौरी, साई केतन, कृतिका मलिक, नेजी और सना टॉप 5 में पहुंचे थे।

### शो की मास्टरमाइंड रहीं सना

सना किसी भी मामले में कम नहीं रहीं। वह सही मायने में इस सीजन की मास्टरमाइंड बनकर सामने आईं। उन्होंने पूरे 6 हफ्ते अपने हिसाब से ना सिर्फ गेम खेला है, बल्कि गाहे-बगाहे अपने रिश्तों और दोस्तों को भी अपने हित में साधने का काम किया है।

सना ने पहले दिन से ये तेवर दिखाए कि वह विजेता बनना चाहती हैं। इसे उन्होंने ना सिर्फ 'लड़कियों की जीत' से जोड़ा है, बल्कि वह हार नहीं मानने वाले अंदाज में रहीं।।

### रणवीर भी थे जीत के दावेदार

ज्यादतार लोगों का मानना था कि 5 प्रतियोगियों में रणवीर शो के विजेता बनेंगे। पहले ही दिन से उन्होंने शो में अपनी समझदारी, सादगी और साफगोई से सबका दिल जीत लिया था। उनके अंदर शो जीतने का जज्बा भी था। रणवीर ने कहा था कि वह शो में इसलिए आए हैं क्योंकि उनके पास बाहर काम नहीं है। उन्होंने यह भी बताया था कि उन्हें फिलहाल पैसों की बहुत जरूरत है। हालांकि, उनके एलिमिनेशन से प्रशंसक निराश हो गए।

# तापसी पन्नू को नहीं बनना सबसे कमाऊ अभिनत्री



अभिनत्री तापसी पन्नू अपनी दो टूक बयानबाजी के लिए जानी जाती हैं। हालांकि, कई बार उन्हें अपनी बेबाकी महंगी पड़ी है और लोगों की आलोचनाओं का शिकार भी होना पड़ा है। बावजूद इसके तापसी अपने दिल की बात कहने से पीछे नहीं हटतीं। जहां एक तरफ अभिनेत्रियां अक्सर बॉलीवुड में वेतन असमानता के मुद्दे पर बात करती दिखती हैं, वहीं तापसी का कहना है कि उन्हें सबसे ज्यादा भुगतान पाने वाली अभिनेत्री बनने की कोई होड़ नहीं है।

### मैं अपना जीवन अपनी तरह से जीना चाहती हूं- तापसी

एक इंटरव्यू में तापसी ने कहा, मैं बाहरी हूं, इसलिए कई बार मुझे फिल्मों से हाथ धोना पड़ा है, लेकिन मुझे इससे कोई शिकायत नहीं, क्योंकि मुझे जो अवसर मिल रहे हैं, मैं उनसे संतुष्ट हूं। ठीक है ना। यह जीवन का अंत थोड़ा ही है। जीवन बहुत सीमित है। मैं इसे किसी और की तरह नहीं जीना चाहती, बल्कि अपने हिसाब से और अपनी शर्तों पर जीना चाहती हूं। तापसी आगे बोलीं, ₹अपने उसूलों पर जीवन जीने से ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? सबसे बुरा यही होगा कि मैं सबसे महंगी या कमाऊ अदाकारा नहीं बन पाऊंगी और मुझे सबसे ज्यादा फीस पाने वाली अभिनेत्री बनना भी नहीं है। तापसी ने आगे कहा कि वह अपनी जिंदगी में नंबर वन हैं और हमेशा रहेंगी, क्योंकि वह अकेले ही रेस में दौड़ रही हैं।

# दूरदर्शन ने लॉन्च किये 4 नए शो

दूरदर्शन ने चार नए टेलीविजन कार्यक्रमों की घोषणा की है। ये सभी शोज अगस्त 2024 की पहली छमाही में प्रीमियर के लिए निर्धारित किये गए हैं जो दूरदर्शन के सह्याद्री और राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होंगे। दूरदर्शन-सह्याद्री चैनल के लिए इन कार्यक्रमों की अवधारणा तैयार करने वाले वाले, दूरदर्शन मुंबई के प्रमुख संदीप सूद ने इस बाबत अधिक जानकारी शेयर की। इन नए शोज के नाम हैं 'आमची अनन्या', 'आमचे हे... आमची ही' (डीडी सह्याद्रि), 'वचु आनंदे' और 'हम तो मिडिल क्लास हैं' (डीडी नेशनल)। ये नए कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने, साहित्यिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और दिल को छू लेने वाला मनोरंजन प्रदान करने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाते हैं। प्रत्येक शो कहानी कहने का एक अनूठा स्वाद लेकर आता है, जो भारतीय संस्कृति, पारिवारिक जीवन और समृद्धि का जश्न मनाता है।




**इन समयों पर होंगे प्रसारित**

टीवी शो 'आमची अनन्या' सोमवार से रविवार को शाम साढ़े 7 बजे डीडी सह्याद्रि पर प्रसारित होगा। ये शो 9 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। 'आमचे हे...आमची ही' हर बुधवार को रात साढ़े 8 बजे डीडी सह्याद्रि पर प्रसारित होगा जिसका पहला एपिसोड 14 अगस्त को ऑन एयर होगा। टीवी शो 'वचु आनंदे' सोमवार और मंगलवार को रात साढ़े 8 बजे डीडी सह्याद्रि पर प्रसारित होगा तो वहीं 'हम तो मिडिल क्लास हैं जी' 1 जुलाई से प्रसारित किया जा चूका है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### क्राइम ब्रांच ने 24 साल से फरार हत्यारोपी पटना से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने 24 साल से फरार हत्या के आरोपी सकेंदर यादव को शनिवार को पटना से गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया हुआ था। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### एनएचआरसी ने यूपी-हरियाणा के अधिकारियों को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ शहरों में डूबने व करंट लगने की हालिया घटनाओं में कई लोगों की मौत पर चिंता जताई है। आयोग ने शनिवार को इस संबंध में दोनों राज्यों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया। एनएचआरसी ने कहा, हाल की ये घटनाएं अधिकारियों द्वारा लापरवाही को दर्शाती है, जो चिंता का विषय है। आयोग ने उन मीडिया रिपोर्ट पर खुद ही संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि एनसीआर में करंट लगने और उफनते नालों में गिरने के बाद डूबने से कुछ लोगों की मौत हुई है। ये नोटिस हरियाणा के गुरुग्राम और उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर समेत कुछ अन्य जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। इसमें चार सप्ताह के भीतर घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर की गई कार्रवाई और मृतकों के परिजनों को मिले मुआवजे को लेकर भी जानकारी देने को कहा है।

### जम्मू में आतंकियों के मददगार 6 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 6 सरकारी कर्मचारियों को एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल होने के चलते बर्खास्त किया है। इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल है। सभी ड्रग्स के व्यापार और टेरर फंडिंग कर रहे थे। LG मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया। बर्खास्त कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख, सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैफ दीन, खालिद हुसैन शाह, इरशाद अहमद चालकू, कांस्टेबल रहमत शाह और शिक्षक नजम दीन शामिल हैं।

## वायनाड लैंडस्लाइड | 4 दिन बाद बचाए गए 4 आदिवासी बच्चे

### रेस्क्यू टीम ने हथेली में भरकर पानी पिलाया, शरीर से बांधकर पहाड़ से उतारा

**एजेंसी । कलपेट्टा**

वायनाड लैंडस्लाइड के चौथे दिन शुक्रवार को एक अच्छी खबर आई। वन अधिकारियों ने 8 घंटे के ऑपरेशन में एक दूरदराज आदिवासी इलाके से 4 बच्चों समेत 6 लोगों का रेस्क्यू किया। बच्चे एक से चार साल के हैं। पनिया समुदाय का यह आदिवासी परिवार पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में फंसा था। कलपेट्टा रेंज के फॉरेस्ट ऑफिसर हशीस ने बताया- हमने गुरुवार को मां और 4 साल के बच्चे को जंगल के पास भटकते देखा। पूछताछ में उसने अपना नाम शांता बताया। उसने कहा कि वे लोग चूरलमाला के एराट्टुकुंडु ऊरु (बस्ती) में रहते हैं। उसके 3 और बच्चे, उनके पिता भूखे-प्यासे पहाड़ी पर एक गुफा में फंसे हैं।

#### फिसलन के बीच 8 घंटे का रेस्क्यू



हशीस ने बताया- वायनाड में लैंडस्लाइड वाले दिन शांता अपने बच्चे के साथ जंगल में दिखी, लेकिन उसने कहा कि वह सिर्फ घूम रही है। हमें पता था, वे भूखे थे और जंगल में अंदर जाने की तैयारी में थे। दो दिन बाद वे लोग फिर दिखाई दिए। इस बार वे हमें देखकर भागे नहीं। उनकी हालत भूख से खराब हो चुकी थी। पूछने पर शांता ने बताया कि उसका परिवार पहाड़ी पर एक गुफा में फंसा हुआ है। हमने 4 लोगों की टीम बनाई। भारी बारिश के बीच फिसलन भरी और खड़ी चट्टानों से होकर टीम ने 8 घंटे की कोशिश के बाद इन्हें निकाला। फिसलन भरी चट्टानों पर चढ़ने के लिए पेड़ों से रस्सियां बांधनी पड़ीं। जब हम गुफा के पास पहुंचे तो तीन बच्चे और एक शख्स वहां बैठे हुए थे। हमने उन्हें अपने पास बुलाया। वे सामने नहीं आ रहे थे। काफी समझाने के बाद उनके पिता हमारे साथ आने के लिए राजी हो गए। हमारे पास सिवाय रस्सी के कुछ नहीं था। एक चादर के तीन टुकड़े करके हमने बच्चों को अपने शरीर से बांध लिया और वापस अपनी यात्रा शुरू कर दी। कैंप तक आने में करीब साढ़े 4 घंटे लग गए।

## भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण : मोदी



**नंबर गेम**

**70** देशों के एक हजार प्रतिनिधि सम्मेलन में पहुंचे

**65** वर्ष बाद भारत में सम्मेलन का आयोजन हो रहा

एक दौर था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए चिंता का सबब थी। आज भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान देने की दिशा में काम कर रहा है। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत की कृषि विविधता विश्व खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण है। भारत अब एक ऐसा देश बना गया है जहां उपभोग से ज्यादा खाद्यान्न (अधिशेष देश) उपलब्ध है। भारत खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान देने की दिशा में काम कर रहा है। मोदी ने यह बात 65 वर्ष बाद देश में आयोजित हो रहे कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करने के बाद कही। कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया के 70 देशों के लगभग एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार मैसूर में जब भारत ने इस सम्मेलन की मेजबानी की थी, तब आजादी मिले ज्यादा समय नहीं हुआ था। वह दौर देश में कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा खाद्यान्न, फल, सब्जी, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी बन गया है।

### छोटे किसान बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय कृषि में 90 फीसदी किसानों के पास बहुत कम जमीन है लेकिन ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय पर्यावरण अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंचों पर भारत द्वारा पेश किए गए विभिन्न मंत्रों पर प्रकाश डाला। इनमें एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य मिशन लाइफ और एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मानव, पौधों और पशुओं के स्वास्थ्य को अलग-अलग नहीं देखा जाना चाहिए। मोदी ने कहा कि सम्मेलन का मकसद युवा शोधकर्ताओं और अग्रणी पेशेवरों को वैश्विक समकक्षों के साथ अपने काम और नेटवर्क को पेश करने के लिए मंच प्रदान करना है।

### रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा


मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील फसलों की 1,900 नई प्रजातियां दी हैं। भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। यह सम्मेलन वैश्विक कृषि चुनौतियों के प्रति भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेगा और कृषि अनुसंधान एवं नीति में देश की प्रगति को रेखांकित करेगा।

### कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर सबसे अधिक

उद्घाटन सत्र को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पहल से आज भारत में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची चल रही है। भारत कृषि का उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मानव और जमीन के स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रहा है।

## हर घर तिरंगा अभियान में भाग लें लोग : अमित शाह

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोगों से 'हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जो हर भारतीय में बुनियादी एकता को जागृत करता है।

## मणिपुर के जिरिबाम में शांति समझौते के अगले दिन हिंसा

### उपद्रवियों ने फायरिंग की, घर फूंका

**एजेंसी । इम्फाल**



मणिपुर के जिरिबाम में शांति बहाल करने के समझौते के 24 घंटे के भीतर फिर से हिंसा हुई। जिरिबाम के लालपानी गांव में शुक्रवार (2 अगस्त) की रात हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। एक घर में आग लगा दी। हालांकि, वहां कोई रहता नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि लालपानी में मैतेई लोगों के घर हैं। यहां के अधिकांश लोगों ने जिले में हिंसा भड़कने के बाद घर छोड़ दिया था। उपद्रवियों ने यहां सुरक्षा-व्यवस्था में ढील का फायदा उठाकर हमला किया। हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया है।

## केंद्र ने BSF चीफ और डिप्टी चीफ को हटाया

### एसएसबी के डीजी चौधरी को बीएसएफ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। केंद्र ने शुक्रवार को बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है, उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी बीएसएफ महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार 'इस पद पर नियमित तौर पर नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो संभालेंगे। बता दें कि एसएसबी नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा करता है। दलजीत सिंह चौधरी ने इस साल जनवरी में एसएसबी महानिदेशक के तौर पर पदभार संभाला था। इससे पहले वह सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक पद पर तैनात थे। इस साल फरवरी में उन्हें कुछ समय के लिए एनएसजी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था।

## ढह गई तीन मंजिला इमारत, 12 लोग घायल

### उपायुक्त ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए

**एजेंसी । कारगिल/जम्मू**



लद्दाख के कारगिल जिले में शनिवार को तड़के पहाड़ी ढलान पर तीन मंजिला एक इमारत के ढह जाने से 12 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, जहां पर इमारत ध्वस्त हुई उसी जगह के पास जेसीबी मशीन काम कर रही थी और मिट्टी धंसने से एक बड़ा गड्ढा बन गया था। घटना तड़के साढ़े तीन बजे कबड्डी नाला इलाके की है। घायलों में से पांच लोगों को मलबे के नीचे से निकाला गया, जिनमें जेसीबी का चालक भी शामिल है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों के बताया कि इमारत ढहने के बाद आसपास के घरों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।


#### मलबा हटाने में तीन घंटे का समय लगा

कारगिल के लद्दाख स्वायत्त विकास परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी पार्षद मोहम्मद जाफर अखून और करगिल के उपायुक्त श्रीकांत बालासाहेब की देखरेख में बचाव अभियान शुरू किया गया। जिसमें पुलिस तथा सेना के जवान और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद ली गई। बचावकर्मियों को मलबा हटाने और जेसीबी मशीन से चालक को बाहर निकालने में लगभग तीन घंटे लग गए।

#### प्रशासन ने समिति गठित करने का फैसला किया

उपायुक्त श्रीकांत ने कहा कि प्रशासन ने जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में संरचनाओं का निरीक्षण करने के लिए एक समिति गठित करने का फैसला किया है। अधिकारी ने कहा, समिति, भवन विनियमन कानूनों में किसी भी तरह के उल्लंघन की भी जांच करेगी और दोषियों का पता लगाएगी।

## मदन राठौर ने राजस्थान भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभाला



**एजेंसी । जयपुर।**

राजस्थान में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। राज्यसभा सांसद राठौड़ इससे पहले जयपुर हवाईअड्डे से बाइक रैली के साथ पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद कार्यभार संभाला।

### उतार-चढ़ाव राजनीति का हिस्सा : वसुंधरा राजे

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उतार-चढ़ाव राजनीति का हिस्सा है। राजनीति में एक नेता को पद, शान और कद तीन चीजों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, पद और गौरव स्थायी नहीं है लेकिन कद स्थायी है। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा, अगर आप सरकार के काम से खुश नहीं हैं तो हमें बताएं। हम आपकी बात सुनेंगे। राठौड़ राजे के नेतृत्व वाली पिछली भाजपा सरकार में राजस्थान विधानसभा में उप मुख्य सचेतक थे। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती आगामी पांच सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव जीतना होगी।

## फिलिस्तीन के समर्थन में जुटे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया




**एजेंसी । नई दिल्ली**

फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दर्शा रहे छात्रों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डीयू आर्ट फैकल्टी के पास क्रांतिकारी युवा संगठन इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए थे। इसके बाद पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। केवाईएस के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 300 दिनों से अधिक समय से इजरायली सरकार फिलिस्तीन पर अनियंत्रित, अंधाधुंध और निरंतर क्रूर हमला कर रही है। संगठन ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने बिना उचित कारण के छात्रों को हिरासत में लिया है।

## बड़े अस्पताल में काम करने वाले 40 फीसदी सुरक्षा गार्ड करते हैं तंबाकू का सेवन

**एजेंसी । नई दिल्ली**



तंबाकू का सेवन न सिर्फ कैंसर की वजह बनता है बल्कि इससे फेफड़े, लिवर, पेट, किडनी और दांतों की अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। एम्स दिल्ली के एक अध्ययन में दावा किया गया कि बड़े अस्पतालों में तैनात 40 फीसदी से अधिक सुरक्षाकर्मी तंबाकू से जुड़े उत्पाद का सेवन करते हैं। अस्पताल के दंत चिकित्सा केंद्र की ओर से लगभग 700 सुरक्षा कर्मियों पर अध्ययन किया गया। इनमें 40.1 फीसदी ने तम्बाकू का सेवन किया, जिसमें 15 फीसदी धूम्रपान करने वाले तंबाकू उत्पाद जैसे बीड़ी और सिगरेट और 74.5% धूम्रपान रहित तम्बाकू जैसे गुटखा आदि का सेवन करते थे। इसके अतिरिक्त, 10.3 फीसदी ने धूम्रपान और धूम्रपान रहित दोनों तरह से तम्बाकू के सेवन की बात स्वीकार की है। 59.9 फीसदी सुरक्षाकर्मी तंबाकू का सेवन नहीं करते पाए गए।

#### तनाव-लंबी शिफ्ट बढ़ाती है आदत

अध्ययन के मुताबिक, सुरक्षा गार्ड अस्पतालों सहित विविध वातावरणों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जहां उनके दायित्वों में अक्सर लंबी और रात की शिफ्ट शामिल होती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि सुरक्षा गार्ड को संभावित तनावपूर्ण स्थितियों का प्रबंधन भी करना होता है। ये कारक तंबाकू के उपयोग जैसी आदतों को बढ़ा सकते हैं।

#### मुफ्त हेल्पलाइन कर सकती है मदद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत तंबाकू छोड़ने के लिए हेल्पलाइन चलाई जा रही है। कोई भी टोल फ्री नंबर 1800112356 पर कॉल करके तंबाकू छोड़ने के कार्यक्रम से जुड़ सकता है। मरीज को कार्यक्रम के तहत पंजीकृत करने के दौरान तंबाकू छोड़ने की तारीख तय कर दी जाती है। इलाज शुरू करने से पहले मरीज का पूरा मूल्यांकन किया जाता है। उसके बाद उसकी तंबाकू छुड़वाई जाती है। एक साल तक मरीज की निगरानी की जाती है। मरीज को पूरे समय काउंसलिंग भी दी जाती है।

## जम्मू-कश्मीर में तैनात BSF जवान ने सुसाइड किया

### सर्विस राइफल से गोली मारी



**एजेंसी । कुपवाड़ा**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तैनात BSF जवान ने शनिवार (3 अगस्त) को खुद को अपनी ही सर्विस राइफल से गोली मारकर सुसाइड कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा में एफडीएल नीति चौकी तंगधार में तैनात 89 बटालियन के जीडी राम कुमार ने सुसाइड किया है। पुलिस ने धारा BNS की धार 194 के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है।

## भारत की पश्चिमी सीमा तक रोड नेटवर्क खड़ा करने की तैयारी

- 3100 किमी राजमार्ग का निर्माण चल रहा पाक से सटे राजस्थान-गुजरात जिलों में
- 08 शहरों के लिए बाईपास-रिंग रोड तथा आरओबी का निर्माण भी किया जा रहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ भारत की पश्चिमी सीमाओं पर भी रणनीतिक रोड नेटवर्क खड़ा कर रही है। इसके तहत राजस्थान और गुजरात के पाकिस्तान सीमा से सटे जिलों में 3100 किलोमीटर से अधिक लंबे दो लेन, चार लेन एवं छह लेन के एक्सेस कंट्रोल राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। इससे भारत-पाक सीमा पर सैन्य साजो-सामान को तेज गति से पहुंचाया जा सकेगा। साथ ही, सीमावर्ती जिलों में स्थानीय सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा आठ शहरों के लिए बाईपास-रिंग रोड तथा रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण भी कर रही है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर सहित गुजरात के कच्छ में 3165 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें खवड़ा इंडिया ब्रिज-धर्मशाला के बीच दो लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग (पेश शोल्डर) को अपग्रेड किया जा रहा है। जबकि गुजरात-राजस्थान सीमा के संतलपुर खंड को (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 341, 754-के) जरिए छह लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग बनाया जा रहा है। इन परियोजनाओं की लंबाई 191 किमी है। अधिकारी ने बताया कि गुजरात के कच्छ सीमा से जुड़ी परियोजनाओं में मौवना-गडकबेटा-संतलपुर (एनएच संख्या-754-के) को नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है। 202 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग का 136 किमी काम पूरा हो गया है और दिसंबर 2025 तक शेष कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।

#### राजस्थान में 19 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का काम पूरा



राजस्थान की 2279 किलोमीटर लंबी 19 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का काम पूरा कर लिया गया है। इसमें राय सिंह नगर, खाजूवाला पूनाल, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर आदि में राष्ट्रीय राजमार्गों के अपग्रेडेशन के कार्य पूरे हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि राजस्थान में 493 किलोमीटर लंबी राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें तनोट-रामगढ़, भादासर-जैसलमेर, राजस्थान-गुजरात सीमा के दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। राजस्थान के मोकलवर, कथादी, बिशनगढ़, जालौर सहित आठ शहरों में रिंग रोड-बाईपास बनाए जा रहे हैं। बाड़मेर में रोड ओवर ब्रिज भी बनाया जा रहा है। इन परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## भगवंत मान के पेरिस जाने को लेकर पंजाब-केंद्र में नई तकरार

- मुख्यमंत्री भगवंत मान को ओलंपिक मैच देखने पेरिस जाने की अनुमति नहीं मिली
- केंद्र ने जेड प्लस सुरक्षा वाले सीएम के कम समय में सुरक्षा प्रबंध में असमर्थता जताई

**एजेंसी । चंडीगढ़**

केंद्र सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम का समर्थन करने के लिए पेरिस जाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया। इसे लेकर पंजाब और केंद्र सरकार में नई तकरार छिड़ गई है। राजनयिक पासपोर्ट रखने वाले मान को चार अगस्त को भारतीय हॉकी टीम के क्वार्टर फाइनल मैच के लिए तीन से पेरिस जाना था। उन्होंने इसके लिए राजनीतिक मंजूरी मांगी थी। राज्य सरकार के सूत्र ने बताया कि केंद्र ने यह कहते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि मान को जेड-प्लस सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए कम समय में उनके लिए सुरक्षा का प्रबंध करना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय को शुक्रवार शाम को इसकी जानकारी दी गई।



### कप्तान हरमनप्रीत से फोन पर बात की :

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह से फोन बात की। उन्होंने कहा, मैं आपका हौसला बढ़ाने के लिए आना चाहता था लेकिन मुझे राजनीतिक मंजूरी नहीं मिली। मैं क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम की हौसलाअफजाई के लिए पेरिस आने की योजना बना रहा था लेकिन केंद्र सरकार ने कहा कि मैं नहीं जा सकता।